● सीधी, सिंगरौली,मऊगंज, रीवा एवं भोपाल से एक साथ प्रकाशित ● website-https://vindhyatiger.in ● epaper-https://epaper.vindhyatiger.in ● वर्ष : 36, अंक 246, पृष्ठ : 08, सीधी, रविवार, 20 अक्टूबर 2024 - मूल्य : 2.00 रुपया मात्र

दैनिक समाचार पत्र

# विन्ध्य टाइगर

हक की बात, बुलंदी के साथ



उप राष्ट्रपति ने की हिन्दुओं पर हमले की निंदा 5

सरफराज ने लगाया शतक, पंत चूके 6



## प्रदेश में विकसित रोड नेटवर्क औद्योगिक गतिविधियों के विस्तार को गति देगा : डॉ. यादव

**भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि सड़कों तथा अधोसंरचना के निर्माण में प्रयुक्त हो रही नवीन तकनीक और विधाओं पर विचार-विमर्श के दौरान प्राचीन काल में हुए निर्माण कार्यों में प्रयुक्त प्रभावी तकनीक पर गौर करना तथा उनसे प्रेरणा लेना भी आवश्यक है। राजा भोज द्वारा एक हजार साल पहले बनाया गया भोपाल का बड़ा ताल मितव्ययता के साथ प्रभावी जल प्रबंधन का अनूठा उदाहरण है। सम्राट अशोक और सम्राट विक्रमादित्य के काल के सिक्कों पर बनी मार्गों के चिन्ह उस काल में सड़कों की महत्ता को दर्शाते हैं। यह तथ्य बताते हैं कि जब भी नवीन तकनीक की बात होगी तो प्राचीन विधा उसकी नींव का आधार बनकर बनेगी। मुख्यमंत्री डॉ. यादव



रवीन्द्र भवन में लोक निर्माण विभाग मध्यप्रदेश और इंडियन रोड काउंसिल नई दिल्ली के संयुक्त तत्वावधान में सड़क और पुल निर्माण में उभरती नवीनतम प्रवृत्तियों और तकनीकों'' पर केंद्रित दो दिवसीय सेमिनार के उद्घाटन सत्र को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने केंद्रीय सड़क एवं परिवहन मंत्री श्री नितिन गडकरी तथा प्रदेश के लोक निर्माण मंत्री श्री राकेश सिंह के साथ दीप प्रज्ज्वलित कर सेमीनार का शुभारंभ किया।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी की मंशा के अनुरूप नवीनतम तकनीक एवं प्रौद्योगिकी के साथ व्यवहारिक परिस्थितियों और स्थानीय स्तर पर उपलब्ध कौशल व दक्षताओं को महत्व देना आवश्यक है। यह सेमिनार मितव्ययता से संसाधनों का उपयोग करते हुए गुणवत्ता के साथ सड़क और अधोसंरचना निर्माण की दिशा में महत्वपूर्ण योगदान देगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि यह सौभाग्य का विषय है कि सड़क तथा अन्य अधोसंरचना निर्माण में प्रयुक्त नवीनतम प्रौद्योगिकी, तकनीक और नवाचारों पर विचार-विमर्श के लिए राष्ट्रीय स्तर का सेमिनार भोपाल में आयोजित हुआ और प्रधानमंत्री श्री मोदी के मंत्री-मंडल के सक्रिय ऊर्जावान और नेतृत्व क्षमता के धनी केंद्रीय मंत्री श्री नितिन गडकरी का मार्गदर्शन प्राप्त करने का अवसर मिला। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने 3,589 करोड़ रुपए की लागत से बनने वाले भोपाल-कानपुर फोर लेन को मंजूरी देने के लिए केंद्रीय मंत्री श्री गडकरी का आभार माना। मुख्यमंत्री डॉ.यादव ने कहा कि केंद्रीय मंत्री श्री गडकरी शीघ्र ही अधोसंरचना निर्माण के लिए प्रदेश को 25 हजार करोड़ रुपए की सौगात देने वाले हैं। यह सभी प्रदेशवासियों के लिए प्रसन्नता का विषय है।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रदेश के सभी क्षेत्रों में औद्योगिक गतिविधियों के समान रूप से विस्तार के लिए क्षेत्रीय स्तर पर इंडस्ट्रियल कॉन्क्लेव किए जा रहे हैं, जिसमें विभिन्न उद्योग समूह निवेश के लिए रूचि प्रदर्शित कर रहे हैं। प्रदेश के विभिन्न अंचलों में हो रहे गुणवत्तायुक्त सड़क नेटवर्क के विकास से आवागमन सुगम होगा।

## झारखंड बीजेपी ने तय किए 66 उम्मीदवारों के नाम

### बाबूलाल मरांडी धनवार से, चंपई सोरेन सरायकेला से मैदान में होंगे

**रांची।** झारखंड में विधानसभा चुनाव को लेकर भाजपा ने अपने 66 उम्मीदवारों की पहली सूची जारी कर दी है। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी को धनवार से प्रत्याशी बनाया गया है। जबकि विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष अमर कुमार बाउरी को चंदनकियारी सुरक्षित सीट से उम्मीदवार बनाया गया है। वहीं झारखंड के पूर्व सीएम और पूर्व जेएमएम नेता (अब भाजपा में) चंपई सोरेन को सरायकेला से उम्मीदवार बनाया गया है, जबकि उनके बेटे बाबूलाल सोरेन को घाटशिला सुरक्षित सीट से मौका दिया गया है। भाजपा ने पूर्व जेएमएम नेता (अब भाजपा में) लोबिन हेम्ब्रम को बोरियो विधानसभा सीट से मैदान में उतारा है। बोकारो विधानसभा सीट से बिरंची नारायण को उम्मीदवार बनाया गया है। भाजपा की तरफ से जारी सूची के अनुसार, झारखंड के पूर्व सीएम और झारखंड मुक्ति मोर्चा के संरक्षक शिबू सोरेन की बड़ी बहू और भाजपा नेता सीता सोरेन को पार्टी ने जामताड़ा से उम्मीदवार बनाया है। इस कड़ी में अगला नाम पूर्व केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा की पत्नी मीरा मुंडा का है, जिन्हें पोटका सुरक्षित सीट से प्रत्याशी बनाया गया है। पूर्व सीएम और ओडिशा के राज्यपाल रघुबर दास की बहू पूर्णिमा दास साहू को जमशेदपुर पूर्व से टिकट मिला है। वहीं पूर्व सीएम चंपई सोरेन के बेटे बाबूलाल सोरेन को घाटशिला सुरक्षित सीट से मौका दिया गया है। भाजपा की तरफ से लोकसभा चुनाव में प्रत्याशी और हार का सामना करने वाले कुछ चेहरों को भी विधानसभा में मौका दिया गया। इसमें सबसे पहला नाम गीता कोड़ा हैं जिन्हें लोकसभा चुनाव में सिंहभूम सीट से प्रत्याशी, अब उन्हें जगन्नाथपुर सुरक्षित सीट से उम्मीदवार को घोषित किया है। वहीं इसमें दूसरा नाम सीता सोरेन का है, जिन्हें लोकसभा में दुमका सीट से मौका मिला था, अब वह जामताड़ा से विधानसभा उम्मीदवार हैं। लोकसभा चुनाव 2024 में लोहरदगा सीट से और पूर्व राज्यसभा सांसद समीर उरांव को बिशुनपुर सुरक्षित सीट से विधानसभा में प्रत्याशी बनाया गया है।

भाजपा झारखंड में 81 सीटों में से 68 पर चुनाव लड़ रही है और बाकी सीटें उसने अपने सहयोगी दलों के लिए छोड़ रखी है। झारखंड में 13 और 20 नवंबर को दो चरणों में मतदान होगा और मतगणना 23 नवंबर को होगी। भारतीय जनता पार्टी विधानसभा चुनाव में झारखंड से झामुमो-कांग्रेस-राजद गठबंधन को सत्ता से बाहर करने की कोशिश कर रही है।

## हम फिर से इतिहास लिखने आए हैं: चंद्रबाबू

### सीएम ने अमरावती पुनर्निर्माण कार्यों का किया उद्घाटन

**नई दिल्ली।** आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री चंद्रबाबू नायडू ने शनिवार को अमरावती पुनर्निर्माण कार्यों का उद्घाटन किया और इस दौरान कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि किसान स्वेच्छा से आगे आए और अमरावती के विकास के लिए अपनी जमीन देकर बहुत बड़ा योगदान दिया। उन्होंने आगे कहा कि आज, हम इतिहास को फिर से लिखने आए हैं। हमने राज्य में 16 प्रतिशत कम बजट के साथ शुरुआत की, फिर भी दो साल के भीतर, हमने शासन के लिए जरूरी बुनियादी ढांचा



विकसित किया। सीएम चंद्रबाबू नायडू ने इस दौरान कहा कि, हमने हैदराबाद का विकास किया, आठ लेन की सड़कें बिछाईं और मेट्रो की शुरुआत की। कई लोगों ने हवाई अड्डे के लिए 5,000 एकड़ जमीन मंजूर करने के लिए मेरी आलोचना की, लेकिन आज, हैदराबाद हवाई अड्डा जीएसडीपी में 16 प्रतिशत का योगदान देता है। उन्होंने आगे कहा, अमरावती को राजधानी के रूप में विकसित करने के लिए किसान स्वेच्छा से आगे आए और इसके निर्माण के लिए अपनी जमीन दी। 29,000 से अधिक किसानों ने योगदान दिया और राजधानी शहर के निर्माण के लिए सरकारी जमीन समेत कुल 54,000 एकड़ जमीन जुटाई गई। पिछले पांच वर्षों में, पिछली सरकार ने अमरावती क्षेत्र के किसानों की उपेक्षा की। इन किसानों ने राजधानी शहर के लिए लड़ाई लड़ी और विरोध किया।

## विधानसभा चुनाव में साथ लड़ेगा विपक्षी गठबंधन

**रांची।** झारखंड में सत्तारूढ़ इंडिया गठबंधन के दलों के बीच सीटों के बंटवारे पर सहमति बन गई है। झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने शनिवार को कहा कि इंडिया ब्लॉक आगामी विधानसभा चुनाव एक साथ लड़ेगा और कांग्रेस और जेएमएम 81 में से 70 सीटों पर अपने उम्मीदवार उतारेंगे। कांग्रेस सांसद राहुल गांधी सीट बंटवारे को लेकर चर्चा के लिए रांची पहुंच चुके हैं। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने शनिवार को रांची स्थित अपने सरकारी आवास पर गठबंधन का एलान किया।

## वायनाड से प्रियंका के खिलाफ नाव्या मैदान में होंगी

### भाजपा ने उप चुनाव के लिए जारी की उम्मीदवारों की सूची

**नई दिल्ली।** वायनाड के लोकसभा उपचुनाव के लिए भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने नाव्या हरिदास को मैदान में उतारा है, जहां उनका मुकाबला कांग्रेस नेता प्रियंका गांधी वाड्रा से होगा।

पार्टी ने असम, बिहार, छत्तीसगढ़, कर्नाटक, केरल, मध्य प्रदेश, राजस्थान और पश्चिम के विधानसभा उप चुनावों के लिए भी उम्मीदवारों की सूची जारी की।

असम के विधानसभा उपचुनाव में भाजपा ने ढोलाई (अनुसूचित जाति) सीट से निहार रंजन दास, बेहाली सीट से दिंगता घाटोवर और समागुरी सीट से दीप्लु रंजन शर्मा को उम्मीदवार बनाया है। जबकि बिहार के उपचुनाव में तरारी सीट से विशाल प्रशांत और रामगढ़ सीट से अशोक कुमार सिंह को उम्मीदवार बनाया है। छत्तीसगढ़ के उपचुनाव में रायपुर शहर दक्षिण सीट से सुनील सोनी को उम्मीदवार बनाया गया है। वहीं, दक्षिण राज्य कर्नाटक के उपचुनाव में पार्टी ने शिग्गांव से भरत बसवराज बोम्मई और संदूर (अनुसूचित जनजाति) सीट से से बंगारू हनुमंतु को उम्मीदवार बनाया है। केरल के उपचुनाव में पार्टी ने पलक्कड़ सीट से सी. कृष्णकुमार और चेलक्कारा (अनुसूचित जाति) सीट से के. बालकृष्णन को उम्मीदवार बनाया है। जबकि, मध्य प्रदेश के उपचुनाव में भाजपा ने विजयपुर सीटच से रामनिवास रावत और बुधनी सीट से रमाकांत भार्गव को उम्मीदवार बनाया है। रमाकांत भार्गव 2019 लोकसभा चुनाव में विदिशा सीट सांसद चुने गए थे। राजस्थान की झुंझुनू सीट पर राजेंद्र भांबू और रामगढ़ सीट पर सुखवंत सिंह को उम्मीदवार बनाया गया है।

## इस्राइली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू के घर पर ड्रोन हमला

**तेल अवीव।** इस्राइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू के निजी आवास को निशाना बनाकर ड्रोन हमला किया गया है। इस्राइली प्रधानमंत्री कार्यालय ने भी इस हमले की पुष्टि की है। लेबनान से यह ड्रोन हमला किया गया, जिसके बाद इस हमले का शक हिजबुल्ला पर जताया जा रहा है। हालांकि अभी तक न तो हिजबुल्ला और न ही किसी अन्य संगठन ने इस हमले की जिम्मेदारी ली है। इस्राइली पीएम के आवास पर हुए हमले में किसी तरह के नुकसान की खबर नहीं है।

## राष्ट्रीय महिला आयोग की नई अध्यक्ष होंगी विजया रहाटकर

**नई दिल्ली।** विजया रहाटकर राष्ट्रीय महिला आयोग की नई अध्यक्ष नियुक्त की गई हैं। रहाटकर इससे पहले 2016 से 2021 तक महाराष्ट्र राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष रह चुकी हैं। सामाजिक कार्यों में उनकी भूमिका को देखते हुए उन्हें यह जिम्मेदारी सौंपी गई है। वहीं, अर्चना मजूमदार को राष्ट्रीय महिला आयोग का सदस्य नियुक्त किया गया है। राष्ट्रीय महिला आयोग का मकसद महिलाओं के अधिकारों की रक्षा करना, उनके खिलाफ हो रहे भेदभाव और हिंसा को समाप्त करना और उन्हें सभी क्षेत्रों में समान अवसर प्रदान करना है। महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव और राजसस्थान की सात सीटों पर उपचुनाव से पहले उन्हें यह बड़ी जिम्मेदारी सौंपी गई है। विजया महाराष्ट्र के संभाजीनगर से आती हैं और राज्य में अगले महीने विधानसभा चुनाव हैं। इससे पहले, राजस्थान में भाजपा की सह-प्रभारी रह चुकी हैं। ऐसे में माना जा रहा है कि पार्टी ने एक तीर से कई निशाने साधने की कोशिश की है। उनकी इस नियुक्ति से मतदाताओं में संदेश जा सकता है कि भाजपा महिलाओं को उचित सम्मान दे रही है और नेतृत्व करने का जिम्मा सौंप रही है।

## देश में लगातार बढ़ रही विमानों में बम की धमकियां

**नई दिल्ली।** देश भर की तमाम एयरलाइन कंपनियों के विमानों में बम की धमकी मिलने का सिलसिला कई दिनों से जारी है। लेकिन इसमें सबसे ज्यादा बढ़ोत्तरी शनिवार के दिन देखी गई है, जानकारी के मुताबिक सिर्फ शनिवार को 30 से ज्यादा विमानों में बम की धमकी मिली है। फिलहाल नागरिक उड्डयन मंत्रालय एयरलाइनों को बम की झूठी धमकी देने की घटनाओं को रोकने के लिए सख्त नियम लागू करने की योजना बना रहा है, जिसमें ऐसा करने वालों को नो-फ्लाई सूची में डालना भी शामिल है।



सूत्रों के अनुसार, शनिवार को विस्तारा, एयर इंडिया और इंडिगो समेत कई भारतीय एयरलाइनों की 30 से अधिक उड़ानों को बम से उड़ाने की धमकी मिली। सूत्रों ने बताया कि एयर इंडिया, इंडिगो, अकासा एयर, विस्तारा, स्पाइसजेट, स्टार एयर और एलायंस एयर के विमानों को धमकियां मिली हैं। वहीं इस हफ्ते अब तक भारतीय एयरलाइनों की कम से कम 70 फ्लाइट्स को बम से उड़ाने की धमकी मिली है और उनमें से अधिकांश फर्जी साबित हुईं। सूत्रों ने बताया कि घरेलू और अंतरराष्ट्रीय उड़ानों समेत घरेलू एयरलाइनों की तरफ से संचालित 30 से अधिक उड़ानों को शनिवार सुबह से सोशल मीडिया के माध्यम से बम से उड़ाने की धमकी मिली है। इनमें से कम से कम एक विमान के शौचालय में एक नोट मिला जिसमें लिखा था कि इस विमान में बम है। शनिवार को विस्तारा ने कहा कि अंतरराष्ट्रीय मार्गों पर उसकी पांच विमानों को सोशल मीडिया के माध्यम से सुरक्षा संबंधी धमकियां मिलीं, जबकि इंडिगो ने कहा कि उसकी कम से कम चार उड़ानों को सुरक्षा संबंधी अलर्ट मिले हैं।

## हिरासत में लिए गए केंद्रीय मंत्री बंडी संजय

**हैदराबाद।** तेलंगाना पुलिस ने शनिवार को केंद्रीय मंत्री बंडी संजय कुमार को हिरासत में लिया। मंत्री तेलंगाना लोक सेवा आयोग (टीपीएससी) की समूह-1 परीक्षा के अभ्यर्थियों के समर्थन में विरोध प्रदर्शन कर रहे थे। उन्होने इस समूह-1 की मुख्य परीक्षा को टालने की मांग को लेकर हैदराबाद में एक धरना आयोजित किया और सचिवालय चलो रैली आयोजित की थी। यह विरोध प्रदर्शन अशोक नगर में हुआ, जो लोक सेवा के कोचिंग संस्थानों का केंद्र है। मंत्री ने छात्रों के साथ मिलकर परीक्षा को फिर से कराने को लेकर आवाज उठाई। उन्होंने लोगों के साथ मुख्यमंत्री कार्यालय की ओर मार्च करने की कोशिश की, ताकि मुख्यमंत्री ए. रेवंत रेड्डी से इस मुद्दे को लेकर दबाव बनाया जा सके। संजय ने एक वाहन के ऊपर से लोगों को संबधित किया। हालांकि, पुलिस ने उन्हें रास्ते में ही रोक दिया। फिर उन्हें हिरासत में ले लिया।

हिरासत में लिए जाने के बाद संजय ने सचिवालय के पास भीमराव अंबेडकर की मूर्ति के सामने एक बार फिर धरना दिया।

## गश्त से लौट रहे जवानों पर नक्सलियों ने किया हमला

**नारायणपुर।** नारायणपुर जिले के अबूझमाड़ के मोहंदी में नक्सलियों ने आईईडी ब्लास्ट किया है। इस ब्लास्ट में आईटीबीपी यानी इंडो-तिब्बत बॉर्डर पुलिस के चार जवान घायल हो गए, जिनमें से दो जवान बलिदान हो गए। अन्य दो की हालत सामान्य है। घायलों को प्राथमिक इलाज के लिए रायपुर एयर लिफ्ट किया गया है। पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक, नारायणपुर जिले के ओरछा, मोंडी एवं एरठभट्टी से तिब्बत सीमा सुरक्षा बल, सीमा सुरक्षा बल एवं जिला रिजर्व पुलिस बल की संयुक्त पार्टी नक्सली अभियान के लिए धुरबेड़ा की ओर रवाना हुए थे। वापसी के दौरान दोपहर ग्राम कोडलियर के पास जंगल में बारूदी सुरंग के चपेट में आने से तिब्बत सीमा सुरक्षा बल के दो जवान अमर पनवार (36) महाराष्ट्र और के राजेश (36) आंध्रप्रदेश के रहने वाले हैं।

## महिला अपराध को लेकर कांग्रेस का सामूहिक उपवास शुरू

**भोपाल।** मध्य प्रदेश में महिलाओं बच्चियों पर लगातार दुष्कर्म के मामले सामने आ रहे हैं जिसे लेकर कांग्रेस लगातार सरकार को घेरती नजर आ रही है। इसी कड़ी में राजधानी भोपाल में प्रदेश के सभी दिग्गज नेताओं ने एक अलग तरीके सरकार को घेरने की कोशिश की है। रोशनपुरा चौराहे में कांग्रेसियों का सामूहिक उपवास शुरू किया है। खास बात यह है कि इस उपवास में कांग्रेस के सभी बड़े नेता पहुंच कर एकता काफी संदेश दिया है। जिसमें पूर्व सीएम कमलनाथ, दिग्विजय सिंह, प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष जीतू पटवारी, विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार सहित कांग्रेस के सभी धड़ों के नेता और पदाधिकारी शामिल हो रहे हैं। जानकारी के लिए बतादें कि यह पहला मौका है जब किसी आंदोलन में कांग्रेस के सभी धड़ों के नेता एक साथ दिखाई दे रहे हैं।

प्रदेश में महिला अपराध लगातार बढ़ रहे हैं, जिनको लेकर कांग्रेस लगातार प्रदेश की कानून व्यवस्था पर सवाल खड़ा करते हुए मुख्यमंत्री और प्रदेश के गृह मंत्री पर निशाना साध रही है। सामूहिक उपवास में प्रदेशभर से कांग्रेसी शामिल हो रहे हैं। इसके अलावा एआईसीसी महासचिव और मध्य प्रदेश प्रभारी भंवर जितेंद्र सिंह, कांग्रेस के सभी जिलाध्यक्ष अपने-अपने समर्थकों के साथ उपवास में शामिल हुए हैं।

गौरतलब है कि पीसीसी ने कार्यक्रम के लिए प्रत्येक जिलाध्यक्ष को 100-100 कार्यकर्ताओं को साथ लाने का लक्ष्य दिया है। साथ ही पीसीसी के सभी पूर्व पदाधिकारियों, प्रदेशभर के ब्लॉक अध्यक्षों, मंडल और सेक्टर अध्यक्षों समेत सभी जनप्रतिनि शामिल हैं।

## विंध्य क्षेत्र के लिये गेम चेंजर साबित होगा रीवा एयरपोर्ट

### पीएम आज करेंगे शुभारंभ, प्रदेश का 6वां एयरपोर्ट, जिसे डीजीसीए ने दिया लायसेंस

**भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव ने कहा है कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने देश के साथ मध्यप्रदेश को भी अनेक अनूठी सौगातें दी है, जिससे मध्यप्रदेश तेजी से विकसित राज्य की ओर अग्रसर हो रहा है। विकास की इसी कड़ी प्रधानमंत्री श्री मोदी विंध्य क्षेत्र को एयरपोर्ट की सौगात देने जा रहे हैं। रविवार 20 अक्टूबर विंध्य क्षेत्र के लिये ऐतिहासिक होगा। इस दिन प्रधानमंत्री श्री मोदी रीवा एयरपोर्ट का वर्चुअल शुभारंभ करेंगे। रीवा एयरपोर्ट पूरे विंध्य क्षेत्र के लिये गेम चेंजर साबित होगा, इससे रीवा अंचल में पर्यटन के साथ निवेश को भी बढ़ावा मिलेगा।

मध्यप्रदेश के एक बड़े हिस्से के लिए यह अच्छी खबर है कि डायरेक्टोरेट जनरल ऑफ सिविल




एविएशन (डीजीसीए) ने रीवा एयरपोर्ट को लाइसेंस दे दिया है। इसके अंतर्गत अब यहां से एयरक्राफ्ट आसानी से उड़ान भर सकेंगे। भोपाल, जबलपुर, खजराहो, इंदौर और ग्वालियर के बाद रीवा प्रदेश का 6वां एयरपोर्ट है, जिसे डीजीसीए ने लाइसेंस दिया है। इस एयरपोर्ट पर उड़ानें शुरू होने से प्रदेश के 65 लाख से ज्यादा लोगों को फायदा होगा। साथ ही रीवा की सीमा से लगे उत्तर प्रदेश और छत्तीसगढ़ के लोगों को भी राहत मिलेगी। उल्लेखनीय है कि रीवा से मऊगंज, सीधी, सतना, मैहर जिले सीधे जुड़े हुए हैं। इन जिलों के साथ ही उत्तर प्रदेश और छत्तीसगढ़ की सीमा से लगे लोग भी काम के सिलसिले में रीवा आते हैं। रीवा की आबादी करीब 15 लाख, मऊगंज की 8 लाख, सीधी की 12 लाख, सिंगरौली की 12 लाख और सतना जिले की आबादी 18 लाख है। इन जिलों की जनता को रीवा एयरपोर्ट बनने से सीधा फायदा होगा। एयर कनेक्टिविटी होने से यहां विकास को भी रफ्तार मिलेगी। रीवा एयरपोर्ट सरकार की उड़ान (उड़े देश का आम नागरिक-ष्ठह) योजना के तहत बनाया गया है। इसका उद्देश्य विमान यात्रा को आम जनता के लिए आसान बनाना है। इससे छोटे शहरों के बीच एयर कनेक्टिविटी बेहतर होगी. इसके अलावा अर्थव्यवस्था को भी मजबूती मिलेगी। लाइसेंस मिलने के बाद अब रीवा एयरपोर्ट पर फ्लाइट का आना-जाना, यात्रियों और कार्गो सुविधा का विस्तार होगा. इस एयरपोर्ट को नए ढंग से बनाया गया है। यह अच्छा-खासा टर्मिनल भी बनाया गया है। इस एयरपोर्ट पर एटीआर-72 विमान संचालित किया जा सकता है। ये सभी सुविधाएं एयरलाइंस को अपनी ओर आकर्षित कर सकता है। इस एयरपोर्ट के संचालन से एक ओर पर्यटन को फायदा होगा वहीं दूसरी ओर निवेश को भी बढ़ावा मिलेगा। रीवा एयरपोर्ट को अगले 50 सालों को ध्यान में रखकर तैयार किया गया है। रीवा से हवाई यात्रा करने वाले यात्री बिना किसी असुविधा के रीवा एयरपोर्ट तक पहुंच सकेंगे। रीवा में पहले से बनाए गए रिंग रोड के चलते सीधी और सतना जिले से यात्रियों का आना-जाना काफी बढ़ गया है।

# पति की लंबी आयु व खुशहाल वैवाहिक जीवन के लिए महिलाएं रखेंगी आज निर्जला व्रत

**करवा चौथ का पर्व कार्तिक कृष्ण पक्ष चतुर्थी आज दिन रविवार को, पूजा का शुभ मुहूर्त 5:46 से 7:40 बजे तक**



**सिंगरौली।** संकष्टी गणेश चतुर्थी व्रत एवं स्त्रियों के दांपत्य जीवन में पति सौख्य का प्रतीक करक चतुर्थी करवा चौथ का व्रत आज दिन रविवार 20 अक्टूबर के कार्तिक कृष्ण पक्ष चतुर्थी तिथि को मनाया जाएगा। जहां आज पूरे दिन बाजारों में चहल पहल एवं गृहणियां सामान खरीदने में व्यस्त रही हैं।

ज्योतिषविद् पं. डॉ. एनपी मिश्र महाप्रबंधक शिवधाम मंदिर बैढ़न के अनुसार करवा चौथ का व्रत सुहागिन महिलाएं पति की लंबी आयु और खुशहाल वैवाहिक जीवन के लिए निर्जला व्रत रखती हैं। शाम को करवा माता और शिव परिवार की पूजा करनी चाहिए । इसके बाद करवा चौथ की व्रत कथा सुन कर चंद्रदेव को अर्घ्य देने के बाद व्रत का पारण करना चाहिए । इस व्रत में विभिन्न रीति-रिवाज और अनुष्ठान शामिल होते हैं। साथ ही करवा चौथ पूजा का शुभ मुहूर्त आज दिन रविवार शाम 5 बजकर 46 मिनट से लेकर 7 बजकर 40 मिनट तक है ।

## करवा चौथ की पूजा विधि एवं महत्व

करवा चौथ की पूजा चौकी पर करवा माता, शिव-पार्वती, गणेशजी और कार्तिकेय भगवान समेत शिव परिवार की प्रतिमा स्थापित करें। करवा चौथ के दिन मिट्टी के करवे का इस्तेमाल करना अत्यधिक शुभ माना जाता है। करवे पर हल्दी कुमकुम जरूर लगाएं और कलावा बांधे। करवे को अन्न-धन और सूखे मेवे और एक सिक्के से भरें। करवे को मिट्टी के दिये से ढक दें। साथ ही करवा चौथ व्रत महिलाएं पति की लंबी आयु के लिए रखती हैं। इस व्रत में करवा माता, भगवान शिव, माता पार्वती और कार्तिकेय भगवान के साथ-साथ गणेश जी की पूजा की जाती है। महिलाएं अपने व्रत को चंद्रमा के दर्शन करने के बाद खोलती हैं। ये एक बेहद कठोर व्रत माना जाता है। क्योंकि इस दिन अन्न और जल कुछ भी ग्रहण नहीं किया जाता है।

## वरिष्ठ सदस्या, संयुक्ता महिला समिति ने किया एनटीपीसी विंध्याचल सर्वेश्वर मंदिर का भ्रमण

**सिंगरौली।** एनटीपीसी विंध्याचल परिसर में स्थित सर्वेश्वर मंदिर का वरिष्ठ सदस्या, संयुक्ता महिला समिति श्रीमती चंदना कुमारी ने दौरा किया। इस अवसर पर वरिष्ठ सदस्या, अर्पिता महिला समिति श्रीमती पुबाली घोष, उपाध्यक्षा (सुहासिनी संघ) श्रीमती सारिका चतुर्वेदी, महासचिव (सुहासिनी संघ) श्रीमती शिल्पा कोहली, उप महाप्रबंधक(मानव संसाधन) श्रीमती कामना शर्मा के साथ-साथ सुहासिनी संघ की अन्य पदाधिकारीगण एवं सदस्याएं उपस्थित रही। सर्वप्रथम वरिष्ठ सदस्या, संयुक्ता महिला समिति श्रीमती चंदना कुमारी नें मंदिर परिसर के अंदर भगवान शिव का जल अभिषेक किया। तत्पश्चात सभी लोगों ने पुजा अर्चन किया। उन्होंने हमारी संस्कृति के प्रति समर्पण और उत्साह के लिए एनटीपीसी विंध्याचल के लोगों की प्रशंसा भी की।

# पुलिस ने पांच हजार के ईनामी बदमाश को गिरफ्तार कर भेजा जेल

**सिंगरौली।** दो बार जिला बदर का रह चुका आरोपी जिले में प्रतिबंध के बाद भी आकर महिला के साथ छेड़छाड़ करने वाले आरोपी को विन्ध्यनगर पुलिस ने गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। आरोपी को गिरफ्तार करने के बाद न्यायालय में पेश किया गया जहां से उसे जेल भेज दिया गया। आरोपी पर पांच हजार का इनाम भी था।




निरीक्षक अर्चना द्विवेदी ने बताया कि 19 साल की महिला के साथ छेड़छाड़ होने की शिकायत मिलने तत्काल अपराध दर्ज करते हुए घटना की जानकारी वरिष्ठ अधिकारियों को दी गई। जहां पुलिस अधीक्षक निवेदिता गुप्ता और एएसपी शिवकुमार वर्मा के निर्देश पर आरोपी की गिरफ्तारी के लिए टीम गठित की गई थी। आरोपी आदतन अपराधी है लिहाजा वह पुलिस को चकमा देकर फरार हो गया। जिसे लेकर एसपी ने पांच हजार का नगद इनाम घोषित किया था। इसके बाद लगातार पुलिस आरोपी की दर पकड़ के लिए दबिश दे रही थी जहां आरोपी अरविन्द रजक पिता धनीराम रजक उम्र 36 वर्ष सिद्धीखुर्द थाना बैढ़न हाल जयंत थाना विन्ध्दे नगर जिला सिंगरौली को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया जहां से उसे जेल भेज दिया गया। निरीक्षक अर्चना द्विवेदी, उप निरीक्षक शीतला यादव, सहायक उप निरीक्षक रमेश प्रजापति, सुनील दुबे, प्रधान आरक्षक बृजेश सिंह, कृष्ण कुमार पाण्डेय, श्रवण सोनी, विजय खरे, रूक्मिणी तिवारी, आरक्षक राजकुमार शर्मा, का सराहनीय योगदान रहा ।

**दो बार जिलाबदर की हो चुकी कार्यवाही**

बताया जा रहा है कि अरविन्द रजक पूर्व का आदतन अपराधी है जिसके खिलाफ बैढ़न एवं विन्ध्जा नगर थाना में कुल 18 अपराध पंजीबद्ध है।वहीं थाना बैढ़न का गुण्डा बदमाश भी है। आरोपी पर साल 2022 में नाबालिक से छेड़छाड़ और साल 2000 में बलात्कार के आरोप में जेल जा चुका है। जहां कलेक्टर ने आरोपी के खिलाफ दो बार जिला बदर की कार्यवाही की थी। आरोपी जिला बदर में रहते हुए प्रतिबंध के बावजूद जिले में आकर फरियादिया के साथ छेड़छाड़ की वारदात को अंजाम दिया था। जिसके बाद विन्ध्ब नगर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मध्यप्रदेश राज्य सुरक्षा अधिनियम का उलंघन करने की धारा 14 के तहत कार्यवाही की है।

# एक दिवसीय विशेष सफाई अभियान अंतर्गत शहर के नालियों की हुई सफाई

**विधायक और अध्यक्ष की अगुवाई में वार्ड 40 में संचालित किया गया अभियान**

**सिंगरौली।** प्रदेश स्तर पर आयोजित एक दिवसीय विशेष सफाई अभियान अंतर्गत नालियों की सफाई का आयोजन नगरीय क्षेत्र सिंगरौली में स्वच्छता श्रमदान सहित वार्ड स्तर पर नाले नालियों की सफाई की गई जिसमे वार्ड 40 में प्रमुख रूप से विधायक राम निवास शाह, निगमाध्यक्ष देवेश पांडेय ने अभियान की अगुवाई की और वार्ड के नागरिकों से संवाद स्थापित करने के लिए डोर टू डोर जनसंपर्क भी किया। अभियान के बाद सभी नागरिक समूहों और सफाई मित्रों के साथ चाय पर



चर्चा का आयोजन किया गया जिसमे शहर की बेहतरी के लिए सुझाव प्राप्त किए गए एवं उपस्थित जन समूह के साथ स्वच्छता का शपथ लिया गया और संकल्पित भाव से स्वच्छ शहर की परिकल्पना को साकार करने की एकजुटता दिखाई गई।वार्ड 32 में वार्ड पार्षद श्यामला ने अगुवाई करते हुए सेक्टर क्रमांक 1 और 2 में स्वच्छता का निरीक्षण किया जिसमें आयुक्त डी के शर्मा और उपायुक्त आर पी बैस उपस्थित रहे।उक्त अभियान में वार्ड 40 पार्षद सीमा जायसवाल ,वार्ड 42 पार्षद संतोष शाह,पार्षद प्रतिनिधि संतोष जायसवाल,जगत वर्मा,स्वच्छता निरीक्षक संतोष तिवारी कैलाश शाह पवन बरोदे अर्चना राजीव सिंह, आईईसी मैनेजर आशीष शुक्ला एवं सफाई मित्र, आईईसी टीम और सीटाडेल टीम के प्रतिनिधियों की उपस्तिथि रही।

# महिलाएं सहजन की खेती से बनेंगी स्वावलंबी

**हिंडालको महान के सीएसआर के सहयोग से मिलेगी नई दिशा**

**सिंगरौली।** हिंडाल्को महान के सीएसआर विभाग द्वारा चलाए जा रहे प्रोजेक्ट जीवनोत्कर्ष के तहत महिलाओं को स्वावलंबी बनाने की दिशा में एक और महत्वपूर्ण कदम उठाया गया है। पोखरा गांव में एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें स्वयं सहायता समूह की महिलाओं को सहजन (मोरिंगा) की खेती के माध्यम से आय अर्जित करने के अवसरों के बारे में जानकारी दी गई। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य महिलाओं को न सिर्फ आर्थिक रूप से सशक्त बनाना था, बल्कि उन्हें मोरिंगा के स्वास्थ्य और व्यावसायिक लाभों से भी अवगत कराना था।


सहजन (मोरिंगा) से पर्यावरण के साथ साथ उसके फायदे और व्यावसायिक अवसर पर कार्यक्रम के दौरान सीएसआर विभाग से बीरेंद्र पाण्डेय ने महिलाओं को सहजन के पौधे के आयुर्वेदिक और पोषण संबंधी गुणों के बारे में बताया। सहजन, जिसे %मिरेकल ट्री% के नाम से भी जाना जाता है, में प्रोटीन, विटामिन, और खनिज तत्व भरपूर मात्रा में पाए जाते हैं, जिससे यह स्वास्थ्य के लिए अत्यधिक लाभकारी है। इसके पत्ते, बीज, फूल, और फल सभी का उपयोग औषधि और खाद्य उत्पादों में किया जाता है।महिलाओं को यह भी समझाया गया कि कैसे मोरिंगा की खेती कम लागत में शुरू की जा सकती है और इससे अच्छा




मुनाफा कमाया जा सकता है। बाजार में सहजन की पत्तियों जिससे मोरिंगा पाउडर बनाकर अच्छी कमाई की जा सकती है।साथ ही बीजों की काफी मांग है, जिसका उपयोग विभिन्न स्वास्थ्य उत्पादों और पोषण पूरक के रूप में किया जाता है। साथ ही, इसकी खेती पर्यावरण के अनुकूल होती है और इसे कम पानी में भी उगाया जा सकता है, जो इसे ग्रामीण क्षेत्रों के लिए एक आदर्श विकल्प बनाता है।प्रशिक्षण सत्र के दौरान महिलाओं को मोरिंगा उगाने की पूरी प्रक्रिया के बारे में विस्तार से बताया गया। उन्हें यह सिखाया गया कि कैसे सही समय पर बीज बोना चाहिए, पौधे को किस तरह की देखभाल की जरूरत होती है, और फसल काटने के बाद उसकी सही मार्केटिंग कैसे की जा सकती है। यह पहल महिलाओं के लिए एक स्थायी आय का स्रोत बनने की क्षमता रखती है।कार्यक्रम के समापन पर महिलाओं को मोरिंगा की खेती शुरू करने के लिए आवश्यक सामग्री प्रदान की गई। इस बीज से 1000 से ज्यादा पौधे उगाये जायेंगे,प्रत्येक महिला को बीज और ग्रो बैग दिए गए, ताकि वे अपने घरों के आसपास आसानी से सहजन की खेती कर सकें।

# एनटीपीसी विंध्याचल की पर्यावरणीय पहल, 1 लाख से अधिक पौधों का रोपण

**सिंगरौली।** भारत के सबसे बड़े थर्मल पावर स्टेशन एनटीपीसी विंध्याचल जिसकी स्थापित क्षमता 4783 एमडब्लू है, ने 2024 में पर्यावरणीय स्थिरता के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को एक कदम आगे बढ़ाया है। इस वर्ष, संयंत्र ने अपने पारिस्थितिकीय प्रभाव को कम करने के उद्देश्य से कई महत्वपूर्ण पहलें शुरू की हैं, जिनका उद्देश्य जैव विविधता संरक्षण, उत्सर्जन में कमी और स्थानीय पर्यावरण को बेहतर बनाना है।एनटीपीसी विंध्याचल ने एनटीपीसी विंध्याचल ने भारत सरकार की नई पहल एक पेड़-माँ के नाम के तहत पर्यावरण संरक्षण



के क्षेत्र में एक और महत्वपूर्ण कदम उठाया है। इस वर्ष अपने आस-पास के क्षेत्रों में 1 लाख से अधिक पौधों का रोपण किया है।इस पहल का उद्देश्य प्रत्येक कर्मचारी, अधिकारी और समुदाय के सदस्य के नाम पर एक पेड़ लगाकर हरित क्षेत्र को बढ़ावा देना और सामूहिक रूप से पर्यावरणीय जागरूकता को बढ़ाना है।एनटीपीसी विंध्याचल ने अभी तक 27 लाख से अधिक वृक्षारोपण कर पर्यावरणीय संरक्षण के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को दर्शाया है। यह पहल स्थानीय पारिस्थितिकी तंत्र की बहाली में योगदान देती है और क्षेत्र के हरित आवरण को बढ़ावा देती है। वृक्षारोपण अभियान स्थानीय समुदायों और वन विभाग के सहयोग से किया गया, जिससे सही प्रजातियों के पौधे लगाए जा सकें और मिट्टी की गुणवत्ता में सुधार हो सके।एनटीपीसी विंध्याचलताप विधुत उत्पादन के अतिरिक्त 15 मेगावाट सौर ऊर्जा तथा 8 मेगावाट लघु जल विधुत संयंत्र का संचालन करता है। इसका उद्देश्य, संयंत्र के कार्बन फुटप्रिंट को कम करने और देश की नवीकरणीय ऊर्जा के लक्ष्यों में योगदान करने की है।जल संरक्षण एनटीपीसी विंध्याचल की प्राथमिकताओं में से एक है। संयंत्र ने उन्नत जल पुनर्चक्रण तकनीकों एवं वर्षा जल संचयन प्रणालियों के माध्यम से अपने जल उपयोग में महत्वपूर्ण कमी की है। इन उपायों से पानी के कुशल उपयोग को सुनिश्चित किया गया है और स्थानीय जल संसाधनों पर निर्भरता कम की गई है।जैसे-जैसे भारत हरित भविष्य की ओर बढ़ रहा है, एनटीपीसी विंध्याचल सतत ऊर्जा प्रथाओं में अग्रणी बना हुआ है, अपने बिजली उत्पादन के साथ पर्यावरण की जिम्मेदारी को भी संतुलित कर रहा है।

# पुलिस द्वारा सड़क सुरक्षा के तहत हेलमेट बाइक रैली निकाल कर किया गया जागरूक

**सिंगरौली।** पुलिस अधीक्षक श्रीमती निवेदिता गुप्ता के कुशल मार्गदर्शन एवं शिव कुमार वर्मा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सिंगरौली के पर्यवेक्षण में सिंगरौली पुलिस द्वारा हेलमेट बाइक रैली का आयोजन किया गया। पुलिस मुख्यालय भोपाल के द्वारा समय-समय पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जाने के निर्देश दिए गए हैं। उक्त निर्देश के तारतम्य में 19 अक्टूबर को पुलिस सिंगरौली द्वारा हेलमेट बाइक रैली का आयोजन किया गया जिसमें हेलमेट बाइक रैली पुलिस अधीक्षक कार्यालय से प्रारंभ होकर माजन मोड़, रिलायंस तिराहा, कॉलेज तिराहा, पुराना यातायात तिराहा, मस्जिद तिराहा से होते हुए इंदिरा चौक होते हुए समाप्त हुई। हेलमेट बाइक रैली में जिले के समस्त थानों के पुलिस बल सम्मिलित हुई साथ ही यातायात पुलिस द्वारा सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम हेतु यातायात जागरूकता के तहत मारुति वैन के माध्यम से शहर के विभिन्न चौराहे में जागरूकता संबंधी विभिन्न वीडियो क्लिप दिखाए गए एवं आमजन को जागरूक किए जाने हैं लगातार कार्यक्रम आयोजित कर जागरुक किया जा रहा है। सिंगरौली पुलिस द्वारा हेलमेट बाइक रैली निकालकर आम जनमानस को हेलमेट लगाने से होने वाली सुरक्षा से अवगत कराया गया साथ ही सभी नागरिको से अपील की गई कि दो पहिया वाहन चलाते समय हेलमेट अवश्य लगाएं, चार पहिया वाहन चलाते समय सीट बेल्ट का प्रयोग अवश्य करें, तेज गति से वाहन ना चलाएं शराब पीकर वाहन ना चलाएं आदि के संबंध में जागरूक करने के उद्देश्य बाइक रैली का आयोजन किया गया था शहर के विभिन्न स्थलो पर पीएस सिस्टम के माध्यम से बताया गया कि, सफर के दौरान कैसे सुरक्षा उपाय अपनाकर जीवन सुरक्षित रखा जा सकता है।

# भाजपा की सक्रिय सदस्यता प्रारंभ, जिलाध्यक्ष बने जिले के पहले सक्रिय सदस्य

**सिंगरौली।** भारतीय जनता पार्टी की सक्रिय सदस्यता का शुभारंभ हो चुका है। सिंगरौली के जिलाध्यक्ष राम सुमिरन गुप्ता ने आज जिले में प्रथम सक्रिय सदस्य के रूप में अपना पत्रक भरा तथा पार्टी की सक्रिय सदस्यता प्राप्त की। लोकसभा के सांसद डाक्टर राजेश मिश्रा ने उन्हें सक्रिय सदस्यता ग्रहण करवाई तत्पश्चात जिलाध्यक्ष ने प्रदेश उपाध्यक्ष कांत देव सिंह को सक्रिय सदस्यत बनाया। जिले के अन्य पदाधिकारियों ने भी सक्रिय सदस्य के रूप में अपना नामांकन पत्र भरा तथा सक्रिय सदस्यता प्राप्त की। विगत माह से भारतीय जनता पार्टी की प्राथमिक सदस्यता लगातार चल रही है जिसमें समस्त कार्यकर्ताओं के अतिरिक्त लाखों नागरिकों ने भी भारतीय जनता पार्टी की प्राथमिक सदस्यता ग्रहण की तथा जिन



कार्यकर्ताओं ने अपने द्वारा न्यूनतम 100 लोगों को सदस्य बनाया है उन सभी को सक्रिय सदस्य बनने की अर्हता प्राप्त हो जाती है तथा जिला समिति के अनुमोदन पश्चात उन कार्यकर्ताओं को सक्रिय सदस्यता प्रदान की जाती है। भारतीय जनता पार्टी का कोई भी पदाधिकारी एवं समिति का सदस्य बनने के लिए उस कार्यकर्ता को पार्टी का सक्रिय सदस्य होना अनिवार्य होता है इसलिए भारतीय जनता पार्टी का हर समर्पित कार्यकर्ता सक्रिय सदस्यता बनता है। पार्टी संविधान के अनुसार प्रत्येक 6 वर्ष में पार्टी कार्यकर्ताओं को अपनी प्राथमिक तथा सक्रिय सदस्यता का नवीनीकरण आवश्यक है इस लिये देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 16 नवम्बर को राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा की उपस्थिति में पार्टी के प्रथम सक्रिय कार्यकर्ता के रूप में अपना नामांकन भरा था तथा सक्रिय सदस्यता प्राप्त की थी। पार्टी संविधान के अनुसार राष्ट्रीय अध्यक्ष से लेकर एक बूथ स्तर तक का कार्यकर्ता पार्टी की सक्रिय सदस्यता प्राप्त करेगा तथा संगठन में कार्य करेगा।जिला मीडिया प्रभारी नीरज सिंह परिहार ने बताया कि जिले में प्रथम दिवस सक्रिय सदस्यता प्राप्त करने वालों में विधायक सिंगरौली राम निवास शाह, सीड़ा अध्यक्ष दिलीप शाह, जिला महामंत्री सुंदरलाल शाह, सांसद प्रतिनिधि संतोष वर्मा, जिला मंत्री पूनम गुप्ता समेत अन्य पदाधिकारियों ने सक्रिय सदस्यता प्राप्त की।

# कबाड़ से भरें ट्रक पकड़ाएं, औपचारिकता वाली हुई कार्यवाही, कबाड़ी फरार

**बिना लाइसेंस, अनुमति के चल रहा कबाड़ कारोबार, पुलिस बनी अनजान**

**सिंगरौली।** पुलिस अधीक्षक की टीम ने माजन मोड़ से भले ही अवैध कबाड़ से भरें ट्रक को पड़ा है लेकिन कबाड़ियों के व्यवसाय में कोई भी कमी नजर नहीं आ रही। यह कार्यवाही महज खानापूर्ति तक होती नजर आ रही है। अभी तक पुलिस ने पकड़े गए कबाड़ी के गोदाम की जांच किया हैं या नहीं यह भी रहस्य बना है। जबकि इन्हीं कबाड़ियों द्वारा चोरी के सामानों की खरीदी की जा रही है। इस बात का खुलासा एसपी ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में भी किया था। माजन मोड़ से पकड़े गए अवैध कबाड़ के संबंध में अब तक क्या कार्यवाही, कबाड़ व्यवसाई पकड़ाया या नहीं। इस संबंध में जानकारी के लिए कोतवाली प्रभारी अशोक सिंह से फोन से संपर्क किया गया लेकिन उन्होंने फोन नहीं रिसीव किया।

दरअसल सरई क्षेत्र में लगातार सरकारी सामानों की चोरी की वारदात हो रही थी। जब पुलिस ने चोरो को पकड़ा तो खुलासा हुआ कि बरगवां में संचालित एक कबाड़ी ही इन चोरी की घटनाओं को अंजाम दे रहा था। पुलिस ने कबाड़ी के यहां से सामान भी बरामद किया था। अब जब एसपी की टीम ने अवैध कबाड़ से भरा ट्रक माजन मोड़ से पकड़ा लेकिन पुलिस लेकिन कोतवाली पुलिस ने अभी तक कबाड़ व्यवसाय के खिलाफ क्या कार्यवाही की बताने को तैयार नहीं है। यदि इनके गोदाम में पुलिस छापा मारती तो कई बड़ी चोरियों का खुलासा हो सकता था। जबकि कोतवाली क्षेत्र में लंबे समय से तीन से चार कबाड़ी अवैध कबाड़ के कारोबार में लगे हुए हैं। इनके गोदामों पर छापा मारा जाए तो करोड़ों की चोरी का सामान बरामद हो सकता है। सूत्रों



की माने तो पुलिस को हर माह कबाड़ियों से लाखों रुपए पहुंच रहे हैं यही वजह है कि इन कबाड़ियों पर पुलिस का रूख नरम रहता है।

**कबाड़ व्यवसायियों पर पुलिस की कार्रवाई नहीं**

कबाड़ का व्यवसाय करने वालों के खिलाफ पुलिस के नरम रूख के कारण हौसले बुलंद हो गए हैं और ये बेधड़क चोरी के सामानों की खरीद बिक्री के काम में लगे हुए हैं। यदि पुलिस के द्वारा ऐसे व्यवसासियों में कड़ी कार्रवाई की जाएगी जो जिले से चोरी हुए कई सामान इनके पास से बरामद हो सकता है। यहां के कबाड़ियों के पास ज्यादातर भवन निर्माण में उपयोग होने वाले छड़, वाहनों के चक्के, कूलर,पंखा, आलमारी, एवं अन्य सामाग्री आसानी से बरामद किया जा सकता है।

**नाम कबाड़ी और काम करोड़ों का**

ऐसा है यह करोड़ों के मुनाफे का कारोबार जो बिना किसी लाईसेंस या अनुमति के लाखों रुपये का टैक्स चुराकर किया जा रहा है। इस कारोबार पर किसी का कोई नियंत्रण नहीं है। शहर में आधा दर्जन से अधिक कबाड़ के बड़े व्यवसायी हैं, जो साल में करोड़ों का कारोबार करते हैं। शुरू-शुरू में एक दो एजेंट रखकर शहर से कबाड़ इकट्ठा कराके खरीदते हैं,बाद में इनके एजेंट बढ़ जाते हैं। कबाड़ी इनसे कम कीमत में कबाड़ का सामान खरीदकर थोक में मोटी रकम कमाते हैं।

**बिना लाइसेंस की खुली दुकानें**

इस धंधे में कोई टैक्स नहीं देता, कोई रोक-टोक न होने से कोई भी व्यक्ति कहीं भी कबाड़ की दुकान खोल लेता है। नियमानुसार कोई भी दुकान खोली जाती है तो बाकायदा लाईसेंस लेना होता है, लेकिन बिना लाइसेंस व अनुमति के कबाड़ के व्यवसाई खरीदी-बिक्री करते हैं लेकिन रसीद नहीं देते। इस फायदे को देखकर दिनों-दिन कबाड़ियों की संख्या बढ़ती जा रही है।

## संपादकीय

### हवाई जहाज की यात्रा भी अब सुरक्षित नहीं, यात्री खौफ में

हवाई यात्रा को बेहद सुरक्षित और सुगम्य साधन माना जाता है। रेलगाड़ियों में भीड़भाड़ और अधिक समय लगने से यात्रियों का एक बड़ा वर्ग हवाई यात्रा को प्राथमिकता देता है। मगर यहां भी लेटलतीफी, उड़ानों के रद्द होने और विमानों में बम रखे जाने के फर्जी संदेशों तथा धमकियों ने उन्हें मुश्किल में डाल दिया है। बीते दिनों दिल्ली से शिकागो जा रहे एअर इंडिया के विमान सहित सात उड़ानों को बम से उड़ाने की धमकी से विमानन कंपनियों में अफरा-तफरी मच गई और बड़ी संख्या में यात्री सांसत में पड़ गए। उन्हें काफी दिक्कत हुई और वे गंतव्य तक काफी देर से पहुंचे।एअर इंडिया के विमान को कनाडा में आपात स्थिति में उतारना पड़ा, जबकि अन्य विमानों को अलग-अलग हवाई अड्डों पर उतार कर उनकी सघन जांच की गई। इसमें कुछ भी संदिग्ध नहीं मिला। सुरक्षा अधिकारी सोशल मीडिया मंच के माध्यम से दी गई धमकी की जांच कर ही रहे थे कि बुधवार को दिल्ली से बंगलुरु जा रहे विमान में बम रखे होने की फिर धमकी मिली। बीते तीन दिनों में ऐसे कई फर्जी संदेश मिले। ऐसे मामलों से आरोपियों का तुरंत न पकड़ा जाना चिंता की बात है। ऐसी घटनाओं को रोकने के लिए एक कारगर तंत्र की जरूरत है। यह एक बड़ा सवाल है कि सोशल मीडिया मंच से या ई-मेल भेज कर कोई इस तरह खुलेआम धमकी कैसे दे सकता है। यह हाल तब है जबकि ऐसे फर्जी संदेशों को पकड़ने की आधुनिक तकनीक हमारे पास उपलब्ध है। फिर भी सुरक्षा एजंसियां झूठी धमकियां देने वालों का पता नहीं लगा पातीं। आरोपी कहीं भी बैठ कर अपनी हरकत दोहराते रहते हैं। ऐसी घटनाओं से जहां एक ओर सुरक्षित यात्रा के प्रति भरोसा टूटता है, वहीं यात्रियों की सुरक्षा भी खतरे में पड़ जाती है। नागरिक उड्डयन सचिव ने कहा है कि आरोपियों की पहचान की जा रही है। मगर सवाल यही है कि इसमें इतना वक्त लगता ही क्यों है। हाल की घटनाएं विमानन कंपनियों के लिए चुनौती हैं, एक सबक भी। फर्जी संदेशों का खौफ खत्म करने के लिए कारगर तकनीकी तंत्र विकसित करना जरूरी है।

# विन्ध्य की उड़ान को लगे सुनहरे पंख!

• राजेन्द्र शुक्ल

प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी जब कहते थे कि वह दिन भी अब दूर नहीं जब हमारे देश के हवाई चप्पल वाले लोग भी हवाई जहाज में उड़ान भरेंगे तब विरोधी इसे महज जुमला कहकर बात हवा में उड़ा देते थे। ऐसे लोगों को आज रीवा आकर देखना चाहिए कि सपना किस तरह यथार्थ के धरातल पर उतरकर चरितार्थ होता है। 20 अक्टूबर 2024 की तारीख विन्ध्यक्षेत्र के लिए ऐतिहासिक और अविस्मरणीय बनने जा रही है। हमारे यशस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदीजी चिरप्रतीक्षित रीवा हवाई अड्डे का लोकार्पण करने जा रहे हैं। इस अवसर पर लोकप्रिय मुख्यमंत्री डा. मोहन यादव, रीवा के प्रभारी मंत्री श्री प्रह्लाद सिंह पटेल साथ ही विन्ध्य के सांसद-विधायक गण, उद्यमी व नागरिक गण हवाई अड्डे पर आयोजित गौरवमयी ऐतिहासिक समारोह के साक्षी रहेंगे। माननीय प्रधानमंत्री जी रीवा में एक ऐसे हवाई अड्डे को लोकार्पित करने ने जा रहे हैं जो भविष्य में उत्तरमध्य भारत का सबसे महत्वपूर्ण एयर ट्रैफिक डेस्टिनेशन बनकर उभरेगा ही इस क्षेत्र को विकास के उच्च पायदान पर स्थापित करेगा। औद्योगिक निवेश और पर्यटन के लिए वैश्विक संभावनाओं का पथ प्रशस्त होगा।

दो वर्ष पूर्व इंदौर में आयोजित ग्लोबल इनवेस्टर्स मीट में विश्वभर के उद्यमियों के बीच माननीय ज्योतिरादित्य सिंधिया जी(तत्कालीन नागरिक विमानन व उड्डयन मंत्री) ने सगर्व यह घोषणा की थी कि हम मध्यप्रदेश का छठवे हवाईअड्डे को निर्मित और विकसित करने जा रहे हैं। उनकी इस घोषणा ने दुनियाभर के उन उद्योगपतियों के ध्यान को आकृष्ट किया जो यहाँ पावर व माइनिंग सेक्टर, वाइल्ड लाइफ टूरिज्म, फूड प्रोसेसिंग इन्डस्ट्रीज की संभावनाओं को देखते हैं। शिक्षा व स्वास्थ्य क्षेत्र में निवेश करने वालों के लिए यह अवसरों का दरवाजा खोलने वाला है। यह सुयोग है कि 23 अक्टूबर को रीवा में विन्ध्य में इन्वेस्टर समिट और रीजनल इन्डस्ट्रियल कान्क्लेव का आयोजन है। यह हवाई अड्डा विन्ध्यक्षेत्र के सर्वांगीण विकास की दृष्टि से एक्सीलेटर की भूमिका निभाएगा यह मेरा दृढ़ विश्वास है।

मुझे यह बताते हुए हर्ष हो रहा है कि रीवा का हवाईअड्डा कई चरणों में विकसित हो रहा है। प्रथम चरण में 72 सीटर यात्री विमान के उड़ान की सुविधा प्रारंभ हो रही है। पाँच साल में रीवा का हवाईअड्डा बोइंग की लैंडिंग और अन्तर्राष्ट्रीय उड़ानों के लिए बनकर तैय्यार रहेगा। वह दिन दूर नहीं जब यहां से विदेशों के लिए भी हवाई जहाज उड़ने लगेंगे। रीवा एयरपोर्ट शिलान्यास के बाद रिकॉर्ड समय में बनकर तैयार हुआ है, इस उपलब्धि के लिए भारतीय विमान प्राधिकरण व स्थानीय प्रशासन अभिनंदन का पात्र है। हवाई यातायात की सुविधा की दृष्टि से रीवा अब भोपाल, इंदौर, ग्वालियर, जबलपुर, खजुराहो की श्रेणी में आकर खड़ा हो गया है। भविष्य में हम और भी आगे बढ़ेंगे। देश में श्री मोदी जी और प्रदेश में डा. मोहन यादव के कुशल और फलदायी नेतृत्व के अनुभव को देखते हुए मैं यह विश्वास पूर्वक कह सकता हूँ कि अगले पाँच वर्षों के भीतर हम-सब का सपना पूर्णरूपेण यथार्थ के धरातल पर उतर जाएगा। यह विन्ध्य की आशाओं के केन्द्र रीवा के विकास का श्रेष्ठ व उन्नत दौर है जो स्वतंत्रता के अमृतकाल में प्रारंभ हो हुआ है।

मैं जब कहता हूँ कि अब रीवा मध्यप्रदेश के ही नहीं देश के समुन्नत और श्रेष्ठ महानगरों की श्रेणी में कदमताल मिलाकर चल पड़ा है तो इसके पीछे ठोस आधार है। 1956 तक रीवा



## रीवा एयरपोर्ट लोकार्पण पर विशेष

विन्ध्यप्रदेश की राजधानी रहा है और तब इसकी हैसियत भोपाल, लखनऊ, पटना और भुवनेश्वर जैसे शहरों के समकक्ष थी। कांग्रेस सरकार ने राजनीतिक द्वेषवश रीवा से एक प्रदेश की राजधानी का गौरव छीन लिया। 1956 से 2004 तक यह उपेक्षित और अभिशप्त पड़ा रहा। विन्ध्य में आज जो प्राकृतिक संसाधन हैं वो कल भी थे। आम नागरिकों में विकास की ललक और अपेक्षाएं कल भी वैसी ही थीं। केन्द्र में अटलजी और उसके बाद मोदीजी की नेतृत्व की व प्रदेश में शिवराज सिंह चौहान और अब डा.मोहन यादव के नेतृत्व वाली भाजपा सरकार ने आहत और उपेक्षित विन्ध्यवासियों की पीड़ा और भावनाओं को समझा है। आज यह क्षेत्र कई मामलों देश में अग्रगण्य है।

जब मैं कहता हूँ कि रीवा एयरपोर्ट उत्तरमध्य भारत का सबसे महत्वपूर्ण एयरपोर्ट होगा तो मेरी दृष्टि के सामने सिंगरौली का पावर काम्प्लेक्स उभरकर सामने आता है। सिंगरौली में थर्मल प्लांटस में 20,000 मेगावाट से ज्यादा विद्युत उत्पादन होता है। देश का यह सबसे बड़ा पावर काम्प्लेक्स है। रीवा से सिंगरौली तक विश्वस्तरीय सड़क इन्फ्रास्ट्रक्चर विकसित होकर पूर्णता के करीब है। जो यात्री पाँच घंटे में बनारस पहुँचते थे वे दो घंटे में रीवा एयरपोर्ट के लाउंज में होंगे। विन्ध्य की 29 बड़ी औद्योगिक इकाईयां 225 किमी की परिधि में फैली हैं और प्राय: सभी नेशनल हाइवेज से जुड़ी हैं। अपने रीवा का हाइवेज जंक्शन पहले ही विकसित हो चुका है। इन औद्योगिक इकाइयों के अधिकारियों के लिए रीवा एयरपोर्ट कितनी बड़ी सहूलियत बनने जा रहा है यह अब उनसे ही पूछ सकते हैं। विन्ध्य की वाइल्डलाइफ टूरिज्म का विश्व में स्थान है। यहाँ। का सफेद बाघ दुनियाभर के चिड़ियाघरों में दहाड़ रहा है। टीवी में दिखने वाला हर दूसरा बाघ या तो बांधवगढ़ का है या कि पन्ना का। पर्यटकों के लिए यह कितना आसान हो जाएगा। रीवा में 750 मेगावाट का सोलर पावर काम्प्लेक्स एशिया के बड़े पावर प्रोडक्शन यूनिट में शामिल है। रीवा में खूबसूरत प्रपातों की श्रृंखला है। भगवान राम का तपोवन चित्रकूट और माँ शारदा के धाम मैहर कौन नहीं आना चाहेगा।

बाणसागर का वृस्तित जल प्रक्षेत्र और उसके द्वीप विकसित होने पर हनुवंतिया के आकर्षण से आगे का प्राकृतिक सौंदर्य प्रस्तुत करेंगे। अपना विन्ध्य पावर हब की तरह सीमेंट का भी प्रोडक्शन काम्प्लेक्स है। प्राय: सभी बड़े औद्योगिक घरानों का निवेश यहां आया है। रीवा में नागपुर की तरह मेडिकल फैसिलटी और कोटा की तरह एकडमीज का विस्तार हो रहा है। हम यह गर्व के साथ कह सकते हैं कि देश का हर दसवां घर विन्ध्य में उत्पादित बिजली से रोशन हैं। देश के हर दसवें घर की बुनियादें यहां की फैक्ट्रियों से बनी सीमेंट से बेजोड़ और मजबूत हुई हैं। अभी तीन लाख हेक्टेयर भूमि सिंचित हुई है, बाणसागर का पानी जब 9 लाख हेक्टेयर तक पहुँचेगा तब यहाँ के किसानों की स्थिति क्या बनेगी कल्पना की जा सकती है। विन्ध्यवासियों की क्रयशक्ति बढ़ी है और यही सब क्षमता मिलकर रीवा को उत्तरमध्य भारत के सबसे विकसित महानगर बनाने का काम करेगी। रीवा इंदौर की तर्ज पर आगे बढ़ रहा है। शहरी विकास की रेटिंग एजेंसियां रीवा को संभावनाओं का महानगर बता रहे हैं। इन्हीं सबके आधार पर मैं यह कहता हूँ कि रीवा एयरपोर्ट विन्ध्य के उन्नत उडान के लिए स्वर्णिम पंख लगाने जा रहा है।

रीवा एयरपोर्ट के फलितार्थ होने में भी परिश्रम की पराकाष्ठा शामिल है। मैं आभारी हूँ तत्कालीन मुख्यमंत्री शिवराज जी का, मुझे वह तारीख 13 जनवरी 2015 आज भी याद है जब उन्होंने सिविल एविएशन मिनिस्ट्री को रीवा में एयरपोर्ट की संभावनाओं के अध्ययन के लिए पत्र लिखा। इसके बाद वह सिलसिला चल निकला। प्रधानमंत्री जी ने किफायती दरों वाली उडान योजना लांच की तो उन्हीं की कृपा से रीवा %उडान% में शामिल हो गया। श्री सिंधिया जी ने जब से उड्डयन विभाग की कमान सँभाली रीवा एयरपोर्ट उनकी प्राथमिकता में सर्वोपरि रहा। एयरपोर्ट अथॉरिटी ने प्रदेश सरकार से कहा कि हमें रीवा के लिए 258 एकड़ भूमि और चाहिए। मुख्यमंत्री जी ने बिना वक्त गँवाए इसके लिए 209 करोड़ रुपये उपलब्ध करा दिए। जब जनसेवा का भाव और संकल्प प्रबल होता है तब दैवयोग से सभी कार्य ऐसे ही सधते जाते हैं जैसे कि रीवा एयरपोर्ट की कल्पना और उसे अब यथार्थ के धरातल पर उतरते हुए देखना। मैं विन्ध्यजनों की ओर से, रीवा के नागरिकों की ओर विनयवत हूँ, आभारी और कृतज्ञ हूँ।

( लेखक-मध्यप्रदेश के उप मुख्यमंत्री हैं)

# जम्मू-कश्मीर में महका लोकतंत्र- सरकार से बड़ी उम्मीदें

(ललित गर्ग)

जम्मू एवं कश्मीर में लोकतांत्रिक सरकार का गठन अनेक दृष्टियों से न केवल राजनीतिक दशा-दिशा स्पष्ट करेगा बल्कि राज्य के उद्योग, पर्यटन, रोजगार, व्यापार, रक्षा, शांति आदि नीतियों तथा राज्य की पूरी जीवन शैली व भाईचारे की संस्कृति को प्रभावित करेगा।

आखिरकार जम्मू-कश्मीर में लोकतंत्र की धूप खिल ही गयी, पांच साल बाद केन्द्र शासित जम्मू-कश्मीर को निर्वाचित सरकार मिल गयी और नेशनल कॉन्फ्रेंस के उपाध्यक्ष उमर अब्दुल्ला ने बुधवार को जम्मू-कश्मीर के मुख्यमंत्री पद की शपथ ले ली है। 2019 में अनुच्छेद 370 को निरस्त किये जाने के बाद केन्द्र शासित प्रदेश में यह पहली चुनी हुई सरकार है, जो नई उम्मीदों के नये दौर का आगाज है। उमर अब्दुल्ला पहले भी एक बार मुख्यमंत्री रह चुके हैं, लेकिन उनकी यह पारी हर तरह से खास है। नई सरकार के मुखिया के तौर पर उमर अब्दुल्ला के सामने आम लोगों की उम्मीदों पर खरा उतरने की कठिन चुनौती भी है। जनता ने विकास और शांति की आकांक्षा के साथ दिल खोलकर मतदान किया और अपनी उम्मीदों की सरकार चुनी है। घाटी में दशकों तक अब्दुल्ला परिवार के शासन के अनुभव के मद्देनजर घाटी के लोगों ने नेशनल कॉन्फ्रेंस पर भरोसा जताया। तमाम ऊहापोह, सुरक्षा चुनौतियों तथा विदेशी दखल की तमाम आशंकाओं को निर्मूल करते हुए जम्मू-कश्मीर के जनमानस ने स्पष्ट सरकार बनाने का जनादेश दिया है। इस भूमिका तक पहुंचाने में भारतीय जनता पार्टी एवं प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के प्रयास महत्वपूर्ण रहे हैं। कश्मीर में विकास, पर्यटन में भारी वृद्धि, शांति एवं सौहार्द का वातावरण बनना ऐसे ही प्रयासों की सार्थक निष्पत्ति है। नई सरकार को विकास की चल रही योजनाओं को आगे बढ़ाते हुए आतंकमुक्त कश्मीर के संकल्प को मंजिल तक पहुंचाना होगा।

जम्मू एवं कश्मीर में लोकतांत्रिक सरकार का गठन अनेक दृष्टियों से न केवल राजनीतिक दशा-दिशा स्पष्ट करेगा बल्कि राज्य के उद्योग, पर्यटन, रोजगार, व्यापार, रक्षा, शांति आदि नीतियों तथा राज्य की पूरी जीवन शैली व भाईचारे की संस्कृति को प्रभावित करेगा। बहरहाल, ऐसे में नवनिर्वाचित सरकार और केंद्र का दायित्व है कि घाटी के लोगों ने जिस मजबूत लोकतंत्र की आकांक्षा जतायी है, उसे पूरा करने में भरपूर सहयोग करें। एक समय राज्य में मतदाता डर कर मतदान करने हेतु नहीं निकलते थे। मतदान का प्रतिशत बेहद कम रहता था। इस बार मतदाता निर्भीकता के साथ मतदान करने निकले। जनता ने नेशनल कॉन्फ्रेंस के पूर्ण राज्य का दर्जा बहाल करने के संकल्प को सकारात्मक समर्थन दिया है। यद्यपि लोकसभा चुनाव में नेशनल कॉन्फ्रेंस को कामयाबी नहीं मिल पायी थी, लेकिन जनता ने उन्हें राज्य में सरकार चलाने का स्पष्ट जनादेश दिया है। वहीं दूसरी ओर, इस भारी मतदान व स्पष्ट बहुमत का एक निष्कर्ष यह भी है कि लोग घाटी में शांति और सुकून, अमन एवं विकास, सौहार्द एवं सद्भावना चाहते हैं। जम्मू-कश्मीर सरकार और केंद्र सरकार को मिलकर प्रयास करना होगा कि इस क्षेत्र में शांति कायम होने के साथ विकास की नई बयार चले। जिसमें आम नागरिक खुद को सुरक्षित अनुभव करते हुए राष्ट्रीय विकास की धारा के साथ-साथ कदमताल कर सके।

निश्चित ही उमर के सामने चुनौतियां बड़ी हैं, आम लोगों को भी उनकी कठिनाइयों का अंदाजा है, वहीं खुद उमर ने भी व्यावहारिक नजरिया अपनाने का संकेत दिया है। चुनाव के दौरान अनुच्छेद 370 की वापसी की मांग पर कड़ा रुख अपनाने वाले उमर ने चुनाव नतीजे आने के बाद इस मसले पर अपना रुख नरम कर लिया। उन्होंने कहा कि मौजूदा हालात ऐसे नहीं हैं, जिनमें इस मुद्दे पर जोर देने का किसी को कुछ फायदा होगा। उम्मीद बढ़ाने वाली बात यह भी है कि चुनावी कड़वाहट को पीछे छोड़ते हुए सभी पक्षों ने सहयोग का रुख अपनाने का संकेत दिया है। न केवल प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने नई सरकार के साथ मिलकर काम करने का संकेत दिया है बल्कि खुद उमर ने भी उपराज्यपाल से टकराव की बजाय आपसी समझ एवं सकारात्मकता से शासन करने की मंशा जतायी है, जो जहां जम्मू-कश्मीर की जनता के हित में है वही उमर की राजनीतिक सूझबूझ, परिपक्वता एवं विवेक का परिचायक है। चाहे उपमुख्यमंत्री पद जम्मू संभाग से चुने गए विधायक सुरिंदर चौधरी को स्थान देने की बात हो या कांग्रेस के लिए कैबिनेट में स्थान खाली रखने की, उमर अब्दुल्ला यह संकेत दे रहे हैं कि वह सबको साथ लेकर चलना चाहते हैं। कांग्रेस ने फिलहाल सरकार को बाहर से समर्थन देने की बात कही है, लेकिन इसका कारण राज्य का दर्जा न मिलने को बताया है। उमर को हर कदम सावधानी से उठाने होंगे ताकि कोई भी स्थिति मंत्री पदों की संख्या का या इंडिया गठबंधन के घटक दलों में मतभेद एवं टकराव का न बन जाए। उमर के एक-एक फैसले पर कैबिनेट और उपराज्यपाल के अधिकार क्षेत्र का मसला सामने आ सकता है। ऐसे में देखना होगा कि इन सबके बीच जम्मू-कश्मीर की नई सरकार उमर के नेतृत्व में कितने सधे कदमों से आगे बढ़ती है। क्योंकि सरकार को अपना दायित्व इस बात को ध्यान में रखकर निभाना होगा कि केंद्रशासित प्रदेश में उपराज्यपाल के पास व्यापक अधिकार हैं।

केंद्र शासित प्रदेश में एक दशक बाद हुए विधानसभा चुनाव में मतदाताओं का खासा उत्साह लोकतंत्र की बुनियाद को मजबूती दे रहा है। कहीं न कहीं जनता ने स्पष्ट संदेश भी दिया कि वे हिंसा, अस्थिरता, आतंकवाद व अलगाववाद से छुटकारा चाहते हैं। जाहिरा तौर पर नई सरकार के सामने व्यापक जनाकांक्षाओं को पूर्ण करने की चुनौती होगी। इसलिये जम्मू-कश्मीर में नई सरकार को व्यापक जनाकांक्षाओं को पूर्ण करते हुए बदली हुई शासन व्यवस्था के साथ भी साम्य स्थापित करना है। इस बात का अहसास उमर अब्दुल्ला को भी है कि शासन चलाने में अब पहले जैसी स्वतंत्रता नहीं होगी। विश्वास किया जाना चाहिए कि कम से कम सीमावर्ती घाटी की संवेदनशीलता को देखते हुए इस केंद्रशासित प्रदेश में वैसा टकराव देखने को नहीं मिलेगा, जैसा कि दिल्ली में आम आदमी पार्टी की सरकार और एलजी के बीच देखने को मिलता रहा है। विश्वास करें कि नई सरकार को प्रशासनिक मामलों में नौकरशाही का पर्याप्त सहयोग मिलता रहेगा। नीति-नियंताओं को ध्यान रखना होगा कि सरकार चलाने में किसी भी तरह का अनावश्यक व्यवधान कालांतर अशांति का वाहक बनेगा। उम्मीद करें कि यथाशीघ्र पूर्ण राज्य का दर्जा मिलने के बाद जम्मू-कश्मीर में प्रशासन की विसंगतियां दूर की जा सकेंगी।राज्य ने साम्प्रदायिकता, आतंकवाद तथा अस्थिरता के जंगल में एक लम्बा सफर तय किया है। उसकी मानसिकता घायल है तथा जिस विश्वास के धरातल पर उसकी सोच ठहरी हुई थी, उसमें नई उम्मीदों को पंख लगे हैं। अलगाव से बाहर निकलने का नया विश्वास जगा है। पाकिस्तानी आतंकी सोच के नुकसान को प्रांत ने झेला और महसूस किया है। गुलाम कश्मीर के लोगों की दुर्दशा को देखा जा रहा है। इसीलिये इन चुनावों में जम्मू-कश्मीर के लोग सक्रिय रूप से भाग लेकर और बड़ी संख्या में मतदान कर लोकतांत्रिक सरकार बनायी है, जो शांति और विकास के नये द्वार उद्घाटित करते हुए युवाओं के लिए उज्ज्वल भविष्य सुनिश्चित करे एवं आतंकमुक्ति का एक नया अध्याय रचे। आज सबकी आंखें एवं कान उमर की भविष्य के शासन एवं नीतियों पर टिकी है। निश्चित ही इस नई सरकार से उम्मीद जगी है कि उसके प्रयासों से जम्मू-कश्मीर में लोकतांत्रिक विकास और शांति-समृद्धि-स्थिरता का नया दौर शुरू होगा। ऐसा होना ही नई सरकार एवं उमर के नेतृत्व की सार्थकता है।

लेखक, पत्रकार, स्तंभकार।

## वर्ग पहेली 5527

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | | 4 | | 5 | ■ |
| | | | ■ | | ■ | 7 | 8 |
| | ■ | 9 | 10 | | ■ | 11 | |
| 12 | 13 | ■ | | ■ | 14 | | ■ |
| ■ | | ■ | 15 | | | ■ | 16 |
| 17 | ■ | ■ | | ■ | 18 | 19 | |
| 20 | | 21 | | ■ | 22 | | |
| | ■ | | ■ | 23 | | | ■ |

**संकेत: बाएं से दाएं**

1. यह देश का पुराना बैंक है (7)
6. मुस्लिम की ईश प्रार्थना जो पांच बार नित्य होती है (3)
7. जो कुछ करने से रोका गया हो, वर्जित , निषिद्ध (2)
9. उचित, ठीक, यथेष्ट, योग्य, लायक (3)
11. पुराणानुसार पांचवां लोक जहां से मनुष्य उत्पन्न होते है, सर्वसाधारण लोक (2)
12. शहद, शराब, मद्य, मकरंद (2)
14. मात्र, केवल, महज, खालिस (2)
15. आक्रमण करने की क्रिया, वार (3)
18. विरक्त, खिन्न, दुखी (3)
20. होश-हवास, चेतना, अंगानुभूति (4)
22. संकल्प करना, इरादा करना (3)
23. अनेक वस्तुओं में से किसी एक वस्तु की चुनना (3)

**ऊपर से नीचे**

1. आय, आमदनी (4)
2. तिब्बत के बौद्धों का धर्माचार्य (2)
3. पाचनशक्ति, पाचन किया (3)
4. हस्तक्षेफ, टोक, प्रवेश, घुसना (3)
5. ओछा, तुच्छ, अनुदार (4)
8. एक प्रकार की मोटी खमीरी रोटी जो तंदूर में पकाई जाती है (2)
10. धोखा देने का इंतजाम, षड्यंत्र (5)
13. संगीत में स्वर के अरोह-अवरोह का विशेष ढंग, लगन (2)
14. लज्जित न होना, विरोध करना (5)
16. अपशब्द कहकर बुरा-भला कहना (3)
17. दानव, दैत्य, राक्षस, असभ्य व्यक्ति (3)
19. दनु नामक पत्नी से उत्पन्न कश्यप ऋषि के पुत्र जिसका निवास स्थान रसातल तथा ध्वे(2)
21. नव ग्रहों में से एक इस राजपुत्र भी कहा गया है (3)

### वर्ग पहेली 5526 का हल

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ऑ | स्ट्रे | लि | या | ■ | प | स | ली |
| न | ■ | ए | क | बा | र | गी | ■ |
| ला | भ | ■ | ■ | र | ■ | ना | ते |
| इ | ला | का | ■ | बा | गी | ■ | ज |
| न | ई | ■ | भा | र | त | ■ | ज |
| ■ | क | ला | ■ | हो | ■ | का | बा |
| प | र | म | ■ | ना | ज | नी | न |
| ता | ना | ■ | ■ | ■ | मा | न | ■ |

# भाषा में भेदभाव

(शैलेंद्र पांडेय)

प्याज महंगा है या महंगी, दही जमता है या जमती और रोड बनता है या बनती? ज्यादा टेंशन लेने की जरूरत नहीं है। जवाब आपका या के इधर वाला हो या उधर वाला, इससे उस चीज पर तो कोई फर्क पड़ने से रहा। प्याज का दाम आसमान चढ़ ही चुका है, तो इसके नर या मादा बन जाने से क्या असर पड़ने वाला है। इसे तो याद रखिए बस एक उदाहरण के रूप में कि कैसे हमारी आदत बन चुकी है हर चीज को जेंडर के दायरे में बांधने की।

जीवित तक तो ठीक, लेकिन गाड़ी-मोटर, मशीनें, हथियार, ओहदा-ओहदेदार, खेल-मैदान, गांव-कस्बा-शहर, व्रत-त्योहार -कुछ भी ऐसा नहीं बचा जिसका लिंग न निर्धारित किया हो हमने। अंतर बस यह कि किसी भाषा में यह हरकत ज्यादा है और किसी में थोड़ी कम। बच्चे को भाषा ज्ञान देते समय यह भेदभाव भी दे देते हैं हम। फिर वह हर चीज को उसके जेंडर के हिसाब से तौलने लगता है। इस लैंगिक पूर्वाग्रह की जड़ें इतनी गहरी हैं कि पता भी नहीं चलता हम किसी पूर्वाग्रह के शिकार हैं। यह सामान्य आदत का हिस्सा बन जाता है। लेकिन जो भाषाएं सैकड़ों-हजारों बरसों में विकसित हुईं, उन्हें एक झटके में तो बदला नहीं जा सकता। हां, शायद इन भाषाओं के लिए उन भाषाओं के उदाहरण कुछ काम आ सकें, जिन्हें जेंडर न्यूट्रल लैंग्वेज कहा जाता है।

जेंडर न्यूट्रल का मतलब यह बिल्कुल नहीं कि मर्द और औरत का भेद पूरी तरह मिटा दिया गया है इन भाषाओं में। इसका मतलब है ऐसी लचीली भाषा, जहां संवाद करते समय जेंडर पर अधिक ध्यान नहीं देना पड़ता। हमारी अपनी ऐसी सबसे जानी-पहचानी भाषा है बंगाली। कई सामान्य वाक्यों में यहां लिंग के आधार पर



अंतर नहीं होता।

इसी तरह पुलिस, डॉक्टर और शिक्षक जैसे कई ओहदे जेंडर में नहीं बंधे। फिलीपींस में बोली जाने वाली प्राचीन तागालॉग को भी जेंडर न्यूट्रल मानते हैं। इसमें बहुत से शब्द और वाक्य संरचनाएं लिंग के आधार पर नहीं बंटतीं। महिला और पुरुष, दोनों के लिए एक ही सर्वनाम इस्तेमाल होता है, 'सिआ' जापानी, बास्क, पर्शियन और कुछ हद तक चीन की मैंडरिन को भी जेंडर न्यूट्रल माना जाता है। इनमें ऐसी कोई मजबूरी नहीं कि जेंडर देखकर वाक्य बदलना पड़े।

किसी भी भाषा का लक्ष्य है कम्युनिकेशन, न कि कंफ्यूजन या बायस्ड बनाना। अंग्रेजी ने पांच साल पहले यह पहचाना कि दुनिया बस मर्द और औरत में नहीं बंटी। उसने द4 को सिंगल पर्सन के लिए सर्वनाम के रूप में अपनाया। यह केवल एक शब्द की नई पहचान नहीं थी, बल्कि इसने एक पूरी कम्युनिटी को अपनी पहचान दे दी, जो खुद को आदमी या औरत के रूप में बांटना नहीं चाहती। अर्जेंटीना के कुछ स्कूलों में प्रयोग के तौर पर जेंडर न्यूट्रल शब्दों का इस्तेमाल शुरू किया गया है। तो बराबर की बात करने से पहले क्यों न भाषा में थोड़ी बराबरी लाई जाए, क्योंकि कथनी और करनी में अंतर जमता नहीं। ऊपर व्यक्त विचार लेखक के अपने हैं।

# आज का राशिफल

### मेष

आज दिन लाभ से भरा होगा और आपको सम्मानित किए जाने से मन खुश होगा। यदि आप किसी व्यक्ति, बैंक या संस्था से लोन लेने के बारे में सोच रहे हैं तो उसमें आपको सफलता मिलेगी और आपका काम आगे बढ़ता जाएगा। किसी से पैसे उधार न लें तो आपके लिए अच्छा होगा। पुराने मित्रों का सहयोग मिलेगा और नए मित्र भी बनेंगे। पत्नी पक्ष के लोगों से सहयोग प्राप्त होगा।

### वृषभ

आज आपको दिन भर काफी भागदौड़ करनी पड़ेगी। ज्यादा भागदौड़ करने से बचें और अपने काम पर फोकस करें। आपको निर्णय लेने की क्षमता का लाभ होगा और पूरा दिन आनंद के साथ प्रसन्नता में बीतेगा। मन काफी प्रसन्न होगा और आपके रुके हुए कार्यों की पूर्ति होगी।

### तुला

आज करियर के मामले में दिन शुभकारक है। आपके अधिकार और सम्पत्ति में वृद्धि होगी। दूसरों की मदद करने में आपका वक्त बीतेगा और आपको खुशी होगी। अपने गुरु के प्रति पूर्ण भक्ति भाव व निष्ठा रखें। आज नये कार्यों में इनवेस्ट करना पड़े तो शुभ रहेगा। आपको आगे चलकर अच्छा लाभ और मुनाफा हासिल होगा।

### वृश्चिक

आज मन किसी कारण से परेशान और अशांत रहेगा। व्यापार में वृद्धि के लिए किए गए प्रयास निष्फल हो सकते हैं। सांयकाल तक आप अपने धैर्य तथा प्रतिभा से शत्रु पक्ष पर विजय प्राप्त करने में सफल रहेंगे। यदि कोई मुकदमा लंबित चल रहा है तो उसके पूर्ण होने की संभावना है।

### मिथुन

मिथुन

आज करियर के मामले में लाभ होगा। बेहतर होगा कि आप फिजूल के खर्चे से बचें। आपको किसी कारण से कष्ट में वृद्धि हो सकती है। सामाजिक क्रियाकलापों में व्यवधान उपस्थित होगा। कुछ अकस्मात लाभ होने से आपका मन खुश होगा और आपकी धर्म के प्रति आस्था भी काफी बढ़ेगी।

### कर्क

आज दिन उत्तम रहेगा। आपको परिश्रम का फल अच्छा मिलेगा। संतान के प्रति आपका विश्वास और अधिक मजबूत होगा। आपको धन सम्मान के मामले में लाभ होगा और परिवार के लोग आपकी बातों से काफी खुश रहेंगे। परिवार के लोगों से आपको विशेष सहयोग मिलने की संभावना है।

### धनु

आज लाभ होगा और आपको विद्या और ज्ञान की प्राप्ति होगी। आपके अन्दर दान पुण्य एवं परोपकार की भावना विकसित होगी और आप लोगों की मदद के लिए खुद आगे आएंगे। आपको भाग्य की ओर से पूर्ण सहयोग मिलेगा, आर्थिक स्थिति सुदृढ़ होगी। शाम को आपके घर में किसी की सेहत प्रभावित हो सकती है

### मकर

आज करियर के मामले में लाभ होगा और आपको न चाहते हुए भी ऐसे अनावश्यक खर्चे भी सामने आएंगे जो कि करने पड़ेंगे। ससुराल पक्ष से मान सम्मान मिलेगा। अपने व्यवसाय में भी आपका मन लगेगा और आपके रुके कार्य पूर्ण हो जाएंगे। किसी नये कार्य में इनवेस्ट करना पड़े तो अवश्य करें, भविष्य में लाभ होगा और आपके कार्य पूर्ण होंगे।

### सिंह

आज दिन मिलाजुला रहेगा। मानसिक अशांति, खिन्नता एवं उदासीनता के कारण आप भटक सकते हैं। माता-पिता के सहयोग से आपको आशीर्वाद प्राप्त होगा। ससुराल पक्ष से आज नाराजगी के संकेत मिलेंगे। बेहतर होगा कि आपको किसी से बात करने में मधुरवाणी का प्रयोग करें, वरना आपके संबंध किसी के साथ प्रभावित हो सकते हैं।

### कन्या

आज करियर के मामले में लाभ होगा और आपके रुके कार्य पूर्ण होने से मन प्रसन्न रहेगा। साहसपूर्वक अपने कठिन कार्यों को संपन्न करने में सक्षम रहेंगे। अपने माता-पिता का सुख सहयोग प्राप्त होगा और आपके रुके का पूर्ण होंगे। व्यर्थ व्यय का योग भी है। आप मन से लोगों का भला सोचेंगे, लेकिन इसको आपका स्वार्थ समझ सकते हैं।

### कुंभ

आज सफलता प्राप्त होगी और आपके आनंद में वृद्धि होने से आपको खुशी होगी। आप सीमित एवं आवश्यकतानुसार ही व्यय करें। आपको अपने पारिवारिकजनों से विश्वासघात होने की संभावना है। सांसारिक सुख भोग, नौकर चाकरों का सुख आपको भरपूर मिलेगा। सांयकाल से लेकर रात्रि तक समीप की यात्रा पर जा सकते हैं और उसमें आपको लाभ होगा।

### मीन

आज करियर के मामले में लाभ होगा और आपका काफी समय से लटका काम पूरा होगा। किसी विवाद का हल निकल आएगा। खुशमिजाज व्यक्तित्व होने के कारण अन्य व्यक्ति आपके करीब आने का प्रयास करेंगे। सामाजिक सम्मान मिलने से आपका मनोबल बढ़ा रहेगा और रुके कार्य पूर्ण होने से खुशी होगी।

## संक्षिप्त समाचार

### रिटायर्ड आईएएस राजेश खुल्लर की सीपीएस नियुक्ति पर लगी रोक, 4 घंटे में पलटा गया आदेश

**चंडीगढ़, एजेंसी।** हरियाणा की राजनीति में एक बड़ा घटनाक्रम तब देखने को मिला जब मुख्यमंत्री नायब सैनी के चीफ प्रिंसिपल सेक्रेटरी (सीपीएस) के रूप में रिटायर्ड आईएएस अधिकारी राजेश खुल्लर की नियुक्ति के आदेश पर महज 4 घंटे के अंदर ही रोक लगा दी गई। पहले रात 8 बजे राजेश खुल्लर की नियुक्ति का आदेश जारी हुआ, लेकिन रात करीब 12 बजे दूसरा आदेश जारी करके इस नियुक्ति को अगले आदेश तक स्थगित कर दिया गया। मुख्य सचिव टीवीएसएन प्रसाद द्वारा राजेश खुल्लर को मुख्यमंत्री के मुख्य प्रधान सचिव के रूप में नियुक्त किया गया था, जिसमें उन्हें कैबिनेट मंत्री के समकक्ष रैंक भी दिया गया था। जैसे ही यह आदेश जारी हुआ, हरियाणा के प्रशासनिक और राजनीतिक हलकों में हलचल मच गई। इसकी सबसे बड़ी वजह यह थी कि हरियाणा विधान सभा में चुने गए सदस्यों की संख्या के आधार पर मंत्रिमंडल में 13.5 मंत्री बनने चाहिए, जबकि पहले से ही 14 मंत्री नियुक्त हैं। राजेश खुल्लर को कैबिनेट मंत्री का दर्जा देने से यह संख्या और बढ़ जाती, जिससे राजनीतिक और कानूनी सवाल खड़े हो गए। यह मामला चर्चा का विषय बन गया, और अफसरशाही में भी इसे लेकर विवाद उठने लगा। सूत्रों के अनुसार, इन सभी राजनीतिक और प्रशासनिक परेशानियों से बचने के लिए नायब सैनी की नई सरकार ने त्वरित कदम उठाते हुए राजेश खुल्लर की सीपीएस नियुक्ति को फिलहाल रोक दिया है। इस घटनाक्रम ने यह संकेत दिया है कि नायब सैनी की सरकार प्रशासनिक फैसलों को लेकर बेहद सतर्क है और किसी भी संभावित विवाद से बचने के लिए समय पर कदम उठा रही है।

### मैं साधु नहीं ; कैप्टन अजय यादव बोले- कांग्रेस में दो साल से चल रहा था अपमान

**गुरुग्राम, एजेंसी।** कांग्रेस पार्टी छोड़ने का ऐलान कर चुके वरिष्ठ नेता कैप्टन अजय यादव ने कहा है कि एक बार इस्तीफा स्वीकार हो जाए उसके बाद वह मीडिया के सामने आकर अपनी पूरी बात बताएंगे। अजय यादव ने कहा है कि दो साल से उन्हें कुछ नेता अपमानित कर रहे थे और उनके राजनीतिक करियर को भी खत्म करने की कोशिश की गई। कैप्टन ने कहा कि इस्तीफा स्वीकार हो जाने के बाद वह इन चीजों के बारे में विस्तार से अपनी बात बताएंगे। कैप्टन ने एक दिन पहले ही सोशल मीडिया के जरिए बताया कि उन्होंने अपना इस्तीफा पार्टी अध्यक्ष को भेज दिया है। कैप्टन ने शुक्रवार को एक्स पर कहा, मैं इंतजार कर रहा हूं कि कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे मेरा इस्तीफा स्वीकार कर लें तो मैं मीडिया से मुलाकात करूंगा। मैं बताऊंगा कि कैसे दो साल से कुछ नेता मुझे अपमानित और परेशान कर रहे थे। एक अन्य पोस्ट में उन्होंने कहा कि वह एक पूर्णकालिक राजनीतिक व्यक्ति हैं और जल्द ही अपने भविष्य को लेकर फैसला करेंगे। यादव ने लिखा, मैं साधु नहीं हूं और एक पूर्णकालिक राजनीतिज्ञ हूं। इस्तीफा स्वीकार होते ही मैं अपने भविष्य का फैसला करूंगा। मैं विस्तार से बताऊंगा कि मेरा राजनीतिक करियर छोटा करने के लिए किस तरह कुछ नेताओं ने काम किया और बाधाएं खड़ी कीं। हरियाणा के पूर्व मंत्री और कांग्रेस में ओबीसी सेल के चेयरमैन कैप्टन अजय यादव ने गुरुवार शाम कांग्रेस छोड़ने का ऐलान किया। उनके बेटे चिरंजीव राव इस बार रेवाड़ी सीट से चुनाव हार गए। इस सीट पर अजय यादव पांच बार विधायक रह चुके हैं। कैप्टन अजय यादव ने कहा कि 70 साल पुराना रिश्ता तोड़ना कठिन फैसला था। यादव पिछले कुछ समय से नाराज चल रहे थे। हरियाणा में चुनावी नतीजे आने के बाद उन्होंने अपनी ही पार्टी पर कई सवाल उठाए थे।

### विश्वनाथ मंदिर का नया प्रसाद रेट जारी, सुगम दर्शन का टिकट हुआ 250 रुपये

**काशी, एजेंसी।** बाबा विश्वनाथ धाम की व्यवस्था में दो बड़े बदलाव किए गए हैं। अब भक्तों को सुगम दर्शन के लिए 300 के बजाय 250 रुपये का टिकट लेना होगा। वहीं श्रद्धालु अब 200 ग्राम लड्डू केवल 120 रुपये में प्राप्त कर सकेंगे। काशी विश्वनाथ मंदिर ट्रस्ट के सीईओ विश्वभूषण मिश्रा ने कहा कि काशी विश्वनाथ मंदिर न्यास परिसर में जो भी प्रसाद विकता है, उसके मूल्य में कोई परिवर्तन नहीं हुआ है। पहले शहर में बिकने वाली मिठाई, प्रसाद के रूप में यहां बिकती थी। प्रसाद की शुद्धता, स्वच्छता, पवित्रता को लेकर श्री काशी विश्वनाथ मंदिर ने यह निर्णय लिया कि प्रसाद का स्वयं निर्माण कराया जाएगा। सहकारी क्षेत्र के संस्थान बनारस डेयरी की फूड प्रोसेसिंग यूनिट में मंदिर प्रशासन प्रसाद का निर्माण खुद करवा रहा है। बाबा को चढ़ाए गए बेलपत्र के चूर्ण को मिलाकर प्रसाद बनाया जा रहा है। नई रेट लिस्ट के अनुसार श्रद्धालु अब 200 ग्राम लड्डू केवल 120 रुपये में प्राप्त कर सकेंगे। विश्व भूषण मिश्रा ने कहा कि मंदिर में वीआईपी दर्शन के लिए कोई विशेष व्यवस्था नहीं है। श्री विश्वेश्वर धाम में सभी भक्तों के साथ समान व्यवहार किया जाता है और सभी को वीआईपी माना जाता है। हमारे पास सभी के लिए समान सुविधाएं हैं। हालांकि कुछ भक्त मंदिर में अधिक समय बिताना चाहते हैं, इसलिए वे लाइन में प्रतीक्षा करते हैं और फिर परिसर में लंबे समय तक रुकते हैं। कभी-कभी भक्तों के पास विमान या ट्रेन पकड़ने जैसी विशिष्ट समय की बाधाएं होती हैं। इसलिए उनका समय सीमित होता है। ऐसे में उनके दर्शन के लिए एक अलग लाइन की व्यवस्था की गई थी। उनके टिकट का मूल्य 250 रुपये तय किया गया है।

# कांग्रेस लेगी लोकसभा का फायदा एमवीए में 260 सीटों पर सहमति बनी



**मुंबई, एजेंसी।** महाराष्ट्र में होने वाले विधानसभा चुनावों को लेकर विपक्षी महागठबंधन महाविकास अघाड़ी (एमवीए) के बीच सीट बंटवारे को लेकर बातचीत निर्णायक मोड़ पर पहुंच गई है। गठबंधन में शामिल कांग्रेस, शिवसेना (यूबीटी) और राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (शरद पवार गुट) के नेताओं के बीच हुई बैठकों के बाद 288 सीटों में से 260 पर सहमति बन गई है। गुरुवार को मुंबई में हुई इस बैठक में तीनों प्रमुख दलों के नेता सीटों के बंटवारे को लेकर चर्चा करने के लिए एकत्र हुए थे। 260 सीटों पर बनी सहमति में कांग्रेस का सबसे ज्यादा हिस्सा होने जा रहा है क्योंकि पार्टी लोकसभा चुनाव में बेहतर प्रदर्शन दिखा चुकी है, जिसका एडवांटेज पार्टी कांग्रेस को मिल रहा है। कांग्रेस 110 से ज्यादा सीटों पर अपनी दावेदारी की है।

**28 सीटों पर फंसा है पेच :** रिपोर्ट के मुताबिक, 28 सीटों पर अब भी विवाद बरकरार है, जहां तीनों पार्टियों ने अपनी-अपनी दावेदारी पेश कर रही हैं। इन सीटों पर सहमति बनाने के लिए शुक्रवार को और बैठकें आयोजित की जाएंगी और जरूरत पड़ने पर शनिवार को भी चर्चा जारी रखी जा सकती है। गठबंधन के एक वरिष्ठ नेता ने न्यूज 18 को बताया कि सभी दल एक ही प्रमुख क्षेत्रों की सीटों पर नजर गड़ाए हुए हैं, जिससे सहमति बनाने में देरी हो रही है। उन्होंने कहा, हम ऐसा फॉर्मूला खोजने की कोशिश कर रहे हैं, जिससे सभी संतुष्ट हो सकें और गठबंधन की जीत की संभावनाएं बढ़ सकें।

**कांग्रेस को मिल सकती हैं 115 सीटें, शिवसेना और एनसीपी भी कर रहे मजबूत दावे :** सूत्रों के अनुसार, कांग्रेस को 110 से 115 सीटें मिलने की संभावना है। कांग्रेस ने हाल ही में लोकसभा चुनावों में मजबूत प्रदर्शन किया था, जिसे सीट बंटवारे की बातचीत में महत्वपूर्ण माना जा रहा है। वहीं, शिवसेना (यूबीटी) को 83 से 86 सीटें मिल सकती हैं, खासकर मुंबई और कोंकण क्षेत्रों में जहां पार्टी की मजबूत पकड़ है। राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (शरद पवार गुट) को 72 से 75 सीटें मिल सकती हैं, जिनमें पश्चिमी महाराष्ट्र प्रमुख है। यह क्षेत्र एनसीपी के लिए महत्वपूर्ण है क्योंकि अजित पवार के नेतृत्व वाला एनसीपी गुट भी अपनी पकड़ मजबूत करने की कोशिश कर रहा है।

**अखिलेश यादव ने भी की 12 सीटों की डिमांड :** वहीं समाजवादी पार्टी (सपा), जो महाविकास अघाड़ी की छोटी सहयोगी पार्टी है। अखिलेश यादव की पार्टी ने 12 सीटों की मांग कर रही है। सपा के नेता अबू आसिम आजमी ने दावा किया है कि इन सीटों पर उनकी पार्टी का मजबूत आधार है और जीत की संभावनाएं भी अधिक हैं। फिलहाल, सपा के महाराष्ट्र विधानसभा में दो विधायक हैं, एक मुंबई और दूसरा भिवंडी से। हालांकि, सपा की मांग को लेकर कोई अंतिम निर्णय नहीं लिया गया है, लेकिन एमवीए के नेताओं ने आश्वासन दिया है कि सपा को गठबंधन में शामिल किया जाएगा।

### सीएम ममता बनर्जी के राज में बंगाल में महिलाएं सुरक्षित नहीं : शाहनवाज हुसैन

**नई दिल्ली, एजेंसी।** पश्चिम बंगाल के नदिया जिले के कृष्णा नगर कस्बे की 12वीं की छात्रा से दुष्कर्म का मामला सामने आया है। इस मामले को लेकर विपक्ष ने फिर ममता सरकार पर निशाना साधना शुरू कर दिया है। भाजपा नेता शाहनवाज हुसैन ने शुक्रवार को इस पर प्रतिक्रिया दी। आईएएनएस से बात करते हुए पूर्व केंद्रीय मंत्री और भाजपा नेता शाहनवाज हुसैन ने कहा है कि बंगाल में कानून का राज नहीं है। मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के राज में बंगाल में महिलाएं सुरक्षित नहीं हैं। बंगाल सरकार को सत्ता में रहने का कोई अधिकार नहीं है। अब जनता उनसे कह रही है कि गद्दी खाली करो, दीदी, आप सरकार नहीं चला पा रही हैं, सिर्फ पार्टी चलाने में व्यस्त हैं और बंगाल से हर दिन बर्बरता की खबरें आ रही हैं। हरियाणा में कांग्रेस ने समाजवादी पार्टी को एक भी सीट नहीं दी। अब चर्चा है कि यूपी उपचुनाव में सपा ने कांग्रेस को दो सीटें दी हैं। इस पर भाजपा नेता ने कहा कि उत्तर प्रदेश में 9 सीटों पर उपचुनाव हो रहे हैं, सभी सीटें भारतीय जनता पार्टी और गठबंधन जीतने जा रहा है। कांग्रेस और सपा का गुब्बारा फूट चुका है। पिछली बार इन लोगों ने संविधान खतरे में है, कहकर बहुत लोगों को गुमराह करके खटा खट स्कीम बनाई थी। अब इनकी पूरी खटा खट स्कीम हरियाणा में लागू हो गई है।

### बाबा सिद्दीकी की हत्या के समय मौजूद सुरक्षा गार्ड सस्पेंड, मुंबई पुलिस कर रही आंतरिक जांच

**मुंबई, एजेंसी।** एनसीपी नेता बाबा सिद्दीकी हत्याकांड को लेकर जांच चल रही है। इस बीच, हत्या के समय सिद्दीकी के साथ मौजूद पुलिस सुरक्षा गार्ड के खिलाफ ऐक्शन हुआ है। कांस्टेबल श्याम सोनावणे को सस्पेंड कर दिया गया है। मुंबई पुलिस की ओर से शनिवार को यह जानकारी दी गई। साथ ही, बताया गया कि सोनावणे के खिलाफ आंतरिक जांच भी चल रही है। मीडिया रिपोर्ट में कहा जा रहा है कि सुरक्षाकर्मी श्याम सोनावणे ने बाबा सिद्दीकी पर फायरिंग करने वालों के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं की। न ही, उसने एनसीपी नेता को बचाने की कोशिश की। यह जानकारी सामने आते ही लगातार सवाल उठाए जा रहे थे। इससे पहले, मुंबई पुलिस ने बताया था कि बाबा सिद्दीकी को जब गोली मारी गई तब उनकी सुरक्षा में एक कांस्टेबल तैनात था। 66 वर्षीय सिद्दीकी को बीती शनिवार रात मुंबई के बांद्रा इलाके के खेर नगर स्थित उनके विधायक बेटे जीशान सिद्दीकी के कार्यालय के बाहर तीन लोगों ने गोली मार दी, जिसके बाद उन्हें लीलावती अस्पताल ले जाया गया जहां उन्हें मृत घोषित कर दिया गया। डिप्टी कमिश्नर दत्ता नलवाडे ने बताया था कि बाबा सिद्दीकी को गैर-वर्गीकृत सुरक्षा प्रदान की गई थी। उन्हें पुलिस के 3 कांस्टेबल दिए गए थे। नलवाडे ने कहा, 'ये कांस्टेबल तीन पालियों में काम करते थे। घटना के समय एक पुलिसकर्मी सिद्दीकी के साथ था।'

**बाबा सिद्दीकी हत्याकांड में अब तक 9 गिरफ्तार :** इस बीच, बाबा सिद्दीकी की हत्या मामले में शूटरों को हथियार और रसद सहायता उपलब्ध कराने के आरोप में शुक्रवार को 5 और लोगों को गिरफ्तार किया गया। मुंबई पुलिस के एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। इस सनसनीखेज मामले में गिरफ्तार लोगों की कुल संख्या अब 9 हो गई है, जबकि तीन लोग फरार हैं। ऐसा प्रतीत होता है कि गिरफ्तार किए गए पांचों आरोपी साजिशकर्ता शुभम लोंकर और षडयंत्रकर्ता मोहम्मद जीशान अख्तर के संपर्क में थे, जो फिलहाल फरार हैं। अख्तर के संबंध पहले लॉरेंस बिश्नोई गिरोह से पाए गए थे और वह राजनीतिज्ञ की हत्या के कथित षडयंत्रकर्ताओं में से एक है। पांचों की पहचान नितिन गौतम सप्रे (32), संभाजी किसान पारधी (44), प्रदीप दत्तू थोम्ब्रे (37), चेतन दिलीप पारधी और राम फूलचंद कनौजिया (43) के रूप में हुई है।

### मंत्री बनते ही ऐक्शन में अनिल विज, पहले ही दिन गायब अधिकारियों को लगा दी लताड़

**चंडीगढ़, एजेंसी।** हरियाणा में नायब सिंह सैनी के नेतृत्व वाली सरकार में मंत्री बनाए गए अनिल विज ने गुरुवार शाम यहां बुलाई गई बैठक में कुछ वरिष्ठ अधिकारियों की 'अनुपस्थिति' पर नाराजगी व्यक्त की। गुरुवार को ही भारतीय जनता पार्टी सरकार ने शपथ ली है। कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी, एनडीए सरकारों के मुख्यमंत्रियों समेत कई बड़े नेता शामिल हुए थे। अंबाला कैंट स्थित सर्किट हाउस में अधिकतर वरिष्ठ अधिकारियों के न पहुंचने पर विज नाराज दिखे। मंत्री सर्किट हाउस में अधिकारियों की पहली बैठक को संबोधित करने पहुंचे थे। अंबाला कैंट के विधायक विज शपथ ग्रहण समारोह के बाद पंचकूला से सर्किट हाउस पहुंचे थे। नवनियुक्त कैबिनेट मंत्री की अगवानी के लिए सर्किट हाउस में अतिरिक्त उपायुक्त (एडीसी) अपराजिता और सब डिविजनल मजिस्ट्रेट (एसडीएम) सतिंदर सिवाच मौजूद थे। बैठक में उपायुक्त और पुलिस अधीक्षक की कथित अनुपस्थिति पर विज ने कड़ा संज्ञान लिया। उन्होंने बैठक में मौजूद एडीसी और एसडीएम को बताया कि अधिकारियों के साथ होने वाली बैठक रद्द की जा रही है। बाद में मीडियाकर्मियों से बातचीत में विज ने कहा कि वे वरिष्ठ अधिकारियों की अनुपस्थिति के पीछे के कारणों के बारे में जानकारी जुटाएंगे और उनसे कारण बताने को कहा जाएगा।

## मुंबई और विदर्भ क्षेत्र की 28 सीटों पर एमवीए में मची है खींचतान

**मुंबई, एजेंसी।** महाराष्ट्र में महाविकास अघाड़ी (एमवीए) के घटक दलों के बीच राज्य की 288 विधानसभा सीटों में से 260 पर सीट बंटवारे की आपसी सहमति बन चुकी है लेकिन 28 सीटों पर घटक दलों के बीच पेच फंस गया है। इसकी वजह से कांग्रेस और शिवसेना (उद्धव ठाकरे) के बीच खींचतान चल रही है। कांग्रेस की तरफ से नाना पटोले ने शिवसेना पर सीट बंटवारे में अड़ंगा लगाने का आरोप लगाया है तो शिवसेना की तरफ से संजय राउत ने कहा है कि कांग्रेस के प्रदेश स्तर के नेता फैसला ले पाने में सक्षम नहीं हैं, इसलिए सीधे राहुल गांधी से बात करेंगे।

**एमवीए की मैराथन बैठक :** इससे पहले मुंबई में गुरुवार को महाविकास अघाड़ी की 9 घंटे की मैराथन बैठक हुई थी। इसी बैठक में 260 सीटों पर सहमति बनी है लेकिन विदर्भ और मुंबई क्षेत्र की 28 सीटें ऐसी हैं, जिस पर सहमति नहीं बन पाई। इन सीटों पर कांग्रेस और शिवसेना के बीच खींचतान मची हुई है। सूत्रों के मुताबिक, मुंबई की वर्सोवा, बायकुला और धारावी पर कांग्रेस अपना दावा कर रही है, जबकि उद्धव की शिवसेना बायकुला, वर्सोवा और घाटकोपर (पश्चिम) की सीट पर दावा कर रही है।

**मुंबई की किन सीटों पर खींतान :** इतना ही नहीं एमवीए के एक और घटक दल समाजवादी पार्टी ने भी मुंबई की बायकुला, मानखुर्द शिवाजी नगर, वर्सोवा और अणुशक्ति नगर पर अपना दावा ठोक दिया है। कहा जा रहा है कि कांग्रेस ने इन सीटों में से कुछ पर अपने उम्मीदवारों के नाम भी फाइनल कर लिए हैं, इसलिए अंदरूनी तनाव और खींचतान और बढ़ गई है। हालांकि कांग्रेस ने कहा है कि मुंबई और विदर्भ की उन 28 सीटों के बंटवारे के मुद्दे को सुलझाने की कोशिशें हो रही हैं। इस बीच, पूर्व मुख्यमंत्री और शिवसेना (यूबीटी) अध्यक्ष उद्धव ठाकरे ने शुक्रवार को आगाह किया है कि सहयोगियों के बीच सौदेबाजी की बातचीत टूटने के कगार तक पहुंचने की अनुमति नहीं दी जानी चाहिए।







ठाकरे ने कहा कि एमवीए सहयोगियों के बीच सीट बंटवारे पर बातचीत अंतिम चरण में है और शनिवार तक या अगले 2 से 3 दिनों में समझौता हो सकता है। उन्होंने कहा कि महाराष्ट्र में राजनीतिक परिदृश्य बदल गया है और लोगों ने 20 नवंबर को होने वाले विधानसभा चुनाव में विपक्षी एमवीए को सत्ता में लाने का फैसला किया है। एमवीए में कांग्रेस, शिवसेना (यूबीटी) और एनसीपी (शरदचंद्र पवार) शामिल हैं।

**क्यों फंस रहा पेच, क्या कहता है गणित :** दरअसल, हर राजनीतिक दल चाहता है कि उसे जिताऊ सीट मिले। यानी वैसी सीटें उसके खाते में आए, जहां उसके उम्मीदवार की जीत सुनिश्चित हो सके। अब सवाल उठता है कि विदर्भ और मुंबई में ही पेच क्यों फंस रहा, तो इसका जवाब हालिया लोकसभा चुनाव के नतीजों और वोटिंग पैटर्न के आंकड़ों में छुपा है। आंकड़ों का विश्लेषण करने से पता चलता है कि पश्चिमी महाराष्ट्र, विदर्भ और मराठवाड़ा क्षेत्र में महायुति पिछड़ी है, जबकि महाविकास अघाड़ी गठबंधन ने वहां लीड ली है। पश्चिमी महाराष्ट्र में महायुति ने 70 में से 30 सीटों पर लीड ली है, जबकि विदर्भ में 62 सीटों में से सिर्फ 19 और मराठवाड़ा इलाके की 46 सीटों में से सिर्फ 11 पर ही लीड ले सकी। स्पष्ट है कि इन इलाकों में महाविकास अघाड़ी के घटक दलों को ज्यादा वोट मिले हैं, इसलिए उनके उम्मीदवारों ने ज्यादा सीटों पर लीड ली है।

## ना ईसी, ना सुको निष्पक्ष, दोनों भाजपा की बी, सी और डी टीम: संजय राउत



**मुंबई, एजेंसी।** महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव का बिगुल बजने के बाद शिवसेना (उद्धव ठाकरे) सांसद संजय राउत केंद्र सरकार और सत्तारूढ़ भाजपा पर हमलावर हो गए हैं। इसके साथ ही वह चुनाव आयोग और सुप्रीम कोर्ट पर भी हमला बोल रहे हैं। राउत ने आरोप लगाया है कि ना तो चुनाव आयोग और ना ही सुप्रीम कोर्ट निष्पक्ष है। राउत ने चुनाव आयोग पर कटाक्ष करते हुए दावा किया कि वहां बैठे लोग पक्षपाती हैं। शुक्रवार को समाचार एजेंसी एएनआई से उन्होंने कहा, चुनाव आयोग ने कुछ महत्वपूर्ण निर्णय दिए हैं, और हमें लगता है कि वे निर्णय महा विकास अघाड़ी के हितों के खिलाफ हैं, और वे फैसले एकनाथ शिंदे और भाजपा की मदद करेंगे। राउत यहीं नहीं रुके। उन्होंने कहा, चुनाव आयोग और सुप्रीम कोर्ट तटस्थ नहीं हैं। वे भाजपा की बी, सी और डी टीम हैं। राउत ने बीजेपी पर विपक्षी पार्टियों को टारगेट करने के लिए केंद्रीय एजेंसियों का गलत तरीके से इस्तेमाल करने का भी आरोप लगाया। उन्होंने इन कोशिशों की तुलना शिवसेना और एनसीपी के खिलाफ पॉलिटिकल एनकाउंटर से की। उन्होंने कहा, मेरे जैसे लोग जेल गए और वापस भी आ गए। हम जानते हैं कि टारगेट पर कौन है और बीजेपी क्या कर रही है। यह बीजेपी का बिश्नोई गैंग है। उनके हाथों में हथियार नहीं है, लेकिन उनके पास सीबीआई और ईडी है। इसका इस्तेमाल वह हम पर हमला करने के लिए कर रहे हैं। इसके बाद भी हम मजबूती से खड़े हुए हैं। महाविकास अघाड़ी में सीट बंटवारे के मुद्दे पर राउत ने कहा कि राज्य की 288 में से अधिकांश सीटों पर गठबंधन के बीच सहमति बन चुकी है और कुछ सीटों पर पेच फंसा हुआ है। उन्होंने कहा कि वह सीट बंटवारे को अंतिम रूप देने के लिए वह आज ही राहुल गांधी से बातचीत करेंगे क्योंकि कुछ सीटों पर लंबे समय से गतिरोध बना हुआ है। उन्होंने सीट बंटवारे में हो रही देरी पर सहयोगी दल कांग्रेस पर भी नाराजगी जताई और कहा कि वे लोग हरेक लिस्ट मंजूरी के लिए दिल्ली भेजते रहते हैं। उन्होंने कहा, एनसीपी और शिवसेना के बीच कोई बड़ा मतभेद नहीं है, कांग्रेस में भी नहीं है लेकिन कुछ सीटें ऐसी हैं जिन पर तीनों पार्टियां दावा करती हैं। नाना पटोले महाराष्ट्र में हमारे सहयोगी हैं, लेकिन कुछ सीटों पर समस्या है, इसे जल्द सुलझा लिया जाएगा।

बता दें कि महाराष्ट्र में विधानसभा चुनाव 20 नवंबर को एक ही चरण में होंगे। चुनाव आयोग ने मंगलवार (15 अक्टूबर, 2024) को महाराष्ट्र और झारखंड में विधानसभा चुनावों के तारीखों की घोषणा की थी। 2019 के महाराष्ट्र विधानसभा चुनावों में, भाजपा और एकीकृत शिवसेना ने मिलकर चुनाव लड़ा था लेकिन सरकार बनाने पर गतिरोध के बाद शिवसेना ने कांग्रेस और एकीकृत एनसीपी के साथ मिलकर महा विकास अघाड़ी (एमवीए) गठबंधन बनाया था और राज्य में सरकार बनाई थी।

## उप-राष्ट्रपति ने पड़ोसी देशों में हिंदुओं पर हो रहे हमलों की कड़ी निंदा की

**नई दिल्ली, एजेंसी।** उप-राष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने शुक्रवार को पड़ोसी देशों में हिंदुओं पर हो रहे हमलों की कड़ी निंदा की और इस पर कथित नैतिक उपदेशकों की चुप्पी पर सवाल उठाया। उन्होंने कहा कि इन लोगों का व्यवहार मानवाधिकारों के विरुद्ध है। धनखड़ ने यह टिप्पणी राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग के स्थापना दिवस समारोह को संबोधित करते हुए की। उन्होंने कहा, हम अत्यधिक सहिष्णु हैं, और इस तरह के अतिक्रमणों के प्रति अधिक सहिष्णुता ठीक नहीं है। सोचिए अगर आप उनमें से एक होते तो। उप-राष्ट्रपति ने आगे कहा, लड़कों, लड़कियों और महिलाओं के साथ की गई बर्बरता, यातना और भयावह अनुभवों को देखिए। हमारे धार्मिक स्थलों का अपमान किया जा रहा है। हालांकि उन्होंने किसी देश का नाम नहीं लिया, लेकिन उनकी यह टिप्पणी बांग्लादेश में हाल ही में हिंदुओं पर हुए हमलों से जुड़ी मानी जा रही है। पीटीआई की एक रिपोर्ट के अनुसार, बांग्लादेश की प्रधानमंत्री शेख हसीना के अगस्त में सत्ता से बाहर होने के बाद से वहां हिंदुओं पर हमलों की खबरें बढ़ी हैं। दुर्गा पूजा के दौरान हुई हिंसा के चलते 17 से अधिक लोगों की गिरफ्तारी हुई है और कई मामले दर्ज किए गए हैं। बांग्लादेश की 17 करोड़ की आबादी में हिंदुओं की संख्या केवल 8 प्रतिशत है। धनखड़ ने कहा कि इस तरह के मामलों पर चुप्पी साधे रखना उचित नहीं है और मानवाधिकारों के समर्थकों को इस पर ध्यान देना चाहिए। उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने शुक्रवार को कहा कि कुछ हानिकारक ताकतें भारत की ''खराब छवि'' पेश करने की कोशिश कर रही हैं और उन्होंने ऐसे प्रयासों को बेअसर करने के लिए ''प्रतिघात'' करने का आह्वान किया। धनखड़ ने साथ ही कहा कि भारत को दूसरों से मानवाधिकारों पर उपदेश या व्याख्यान सुनना पसंद नहीं है। उन्होंने यहां राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग के स्थापना दिवस समारोह को संबोधित करते हुए विभाजन, आपातकाल लागू किए जाने और 1984 के सिख विरोधी दंगों को ऐसी दर्दनाक घटनाएं बताया, जो ''याद दिलाती हैं कि आजादी कितनी नाजुक होती है।'' धनखड़ ने कहा, ''कुछ ऐसी हानिकारक ताकतें हैं जो एक सुनियोजित रूप से हमें अनुचित तरीके से कलंकित करना चाहती हैं।'' उन्होंने कहा कि इन ताकतों का अंतरराष्ट्रीय मंचों का इस्तेमाल कर ''हमारे मानवाधिकार रिकॉर्ड पर सवाल उठाने'' का ''दुष्ट इरादा'' है। उन्होंने कहा कि ऐसी ताकतों को बेअसर करने की जरूरत है और भारतीय संदर्भ में वे इसके लिए ''प्रतिघात'' शब्द का इस्तेमाल करेंगे। उपराष्ट्रपति ने कहा कि इन ताकतों ने सूचकांक तैयार किए हैं और ये दुनिया में हर किसी को 'रैंक' दे रही हैं ताकि ''हमारे देश की खराब छवि'' पेश की जा सके।

## तमिल गान में द्रविड़ शब्द का नहीं किया इस्तेमाल, भड़के मुख्यमंत्री स्टालिन

**चेन्नई, एजेंसी।** तमिलनाडु सरकार और राज्यपाल के बीच तनाव शुक्रवार को और बढ़ गया। मुख्यमंत्री एम.के. स्टालिन ने आरोप लगाया कि एक कार्यक्रम में राज्यपाल आर.एन. रवि की उपस्थिति के दौरान गाए गए तमिल गान में द्रविड़ शब्द को छोड़ दिया गया। मुख्यमंत्री स्टालिन ने इसे राष्ट्रीय एकता का अपमान बताते हुए केंद्र से राज्यपाल को वापस बुलाने की मांग की।

इस घटना ने हिंदी माह के समापन और चेन्नई दूरदर्शन की स्वर्ण जयंती समारोह के आयोजन को लेकर चल रहे विवाद को और हवा दी। इस समारोह में राज्यपाल रवि भी मौजूद थे। मुख्यमंत्री स्टालिन ने हिंदी माह के उत्सव का विरोध किया और इसे गैर-हिंदी भाषी राज्य में अन्य भाषाओं को नीचा दिखाने का प्रयास बताया। तमिल गान, तमिल थाई वल्थु, हर सरकारी कार्यक्रम की शुरुआत में गाया जाता है, जिसमें द्रविड़ शब्द दक्षिणी राज्यों के लोगों की नस्लीय पहचान का प्रतीक है। दूरदर्शन के समूह द्वारा गाए गए गान में द्रविड़ शब्द वाले हिस्से को छोड़ दिया गया, जिससे विवाद खड़ा हो गया। दूरदर्शन तमिल ने इस गलती के लिए माफी मांगी और गायक दल के ध्यान भटकने को इसका कारण बताया। द्रविड़ मुनेत्र कड़गम के अध्यक्ष और तमिलनाडु के मुख्यमंत्री स्टालिन ने राज्यपाल रवि पर हमला बोलते हुए उन्हें अपने पद के लिए अयोग्य बताया और सवाल किया कि क्या वह राष्ट्रीय गान से द्रविड़ शब्द को हटाने की मांग करेंगे।





स्टालिन ने कहा कि तमिल गान से द्रविड़ शब्द को छोड़ना राज्य के कानून का उल्लंघन है और राज्यपाल ने हिंदी के नाम पर तमिलनाडु और यहां के लोगों की एकता का अपमान किया है। उन्होंने एक्स (ट्विटर) पर तमिल में लिखा, क्या द्रविड़ विरोधी राज्यपाल राष्ट्रीय गान से भी द्रविड़ शब्द हटाने को कहेंगे? केंद्र सरकार को तुरंत ऐसे राज्यपाल को वापस बुलाना चाहिए, जो जानबूझकर तमिलनाडु और यहां के लोगों की भावनाओं का अपमान कर रहे हैं। दूरदर्शन तमिल ने एक बयान जारी कर गलती के लिए माफी मांगी और कहा कि तमिल या तमिल गान का अपमान करने का कोई इरादा नहीं था। इससे पहले दिन में तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एम के स्टालिन ने दूरदर्शन केंद्र चेन्नई के हिंदी माह समापन समारोह की निंदा की, जिसमें तमिलनाडु के राज्यपाल आर एन रवि मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। स्टालिन ने अपना विरोध दर्ज कराते हुए कहा कि बहुभाषी राष्ट्र में गैर-हिंदी भाषी राज्यों में हिंदी माह मनाना अन्य भाषाओं को नीचा दिखाने का प्रयास है। मुख्यमंत्री ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, ''मैं चेन्नई दूरदर्शन के स्वर्ण जयंती समारोह के साथ हिंदी माह समापन समारोह मनाने की निंदा करता हूं। माननीय प्रधानमंत्री कार्यालय भारत का संविधान किसी भी भाषा को राष्ट्र भाषा का दर्जा नहीं देता।'' उन्होंने कहा, ''इसलिए, मेरा सुझाव है कि गैर-हिंदी भाषी राज्यों में इस तरह के हिंदी-केंद्रित आयोजनों को टाला जाना चाहिए और इसके बजाय संबंधित राज्यों में स्थानीय भाषा माह के आयोजन को प्रोत्साहित किया जाना चाहिए।'' द्रमुक की छात्र इकाई के सदस्य 'डीडी तमिल' कार्यालय के सामने एकत्र हुए, जहां राज्यपाल ने आज शाम समापन समारोह में भाग लिया। इकाई के अध्यक्ष आर राजीव गांधी ने कहा कि भाजपा नीत सरकार लगातार गैर-हिंदी भाषी राज्यों पर हिंदी थोपने के प्रयास में लगी हुई है। गांधी ने बाद में संवाददाताओं से कहा, ''यह निंदनीय है।

## विंडीज हारी, न्यूजीलैंड-द अफ्रीका में होगा महिला टी20 विश्व कप फाइनल




**शारजाह, एजेंसी।** महिला टी-20 विश्वकप 2024 के दोनों फाइनलिस्ट सामने आ चुके हैं। दक्षिण अफ्रीका पहले ही ऑस्ट्रेलिया को हराकर फाइनल में है। अब न्यूजीलैंड ने विंडीज टीम को दूसरे सेमीफाइनल में 8 रन से हराकर फाइनल में जगह बनाा ली है। शारजहा के मैदान पर खेले गए दूसरे सेमीफाइनल में अनुभवी डिएंड्रा डोटिन के 4 विकेट की मदद से वेस्टइंडीज ने महिला टी20 विश्व कप के दूसरे सेमीफाइनल में शुक्रवार को न्यूजीलैंड को 9 विकेट पर 128 रन पर रोक दिया।

जवाब में खेलने उतरी विंडीज के लगातार विकेट गिरते रहे। डॉटिन ने अंत में 22 गेंदों पर 33 रन बनाए लेकिन वह टीम को जीत नहीं दिला पाई।

**न्यूजीलैंड महिला टीम: 128/9 (20 ओवर)**

टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी का न्यूजीलैंड का फैसला गलत साबित हुआ और उसकी आधी टीम 98 के स्कोर पर पवेलियन लौट गई। न्यूजीलैंड के लिए जॉर्जिया प्लिमर (33) और सूजी बेट्स (26) के बाद कोई बल्लेबाज टिककर नहीं खेल सका। इस दौरान ब्रूक के बल्ले से 9 गेंदों पर 18 तो इसाबेल ने 14 गेंदों पर 20 रन बनाए और स्कोर 128 तक पहुंचाया। वेस्टइंडीज के लिए डोटिन ने 4 ओवर में 22 रन देकर 4 विकेट लिए जबकि एफी फ्लेचर को 2 विकेट मिले।

**विंडीज महिला टीम: 120/8 (20 ओवर)**

लक्ष्य का पीछा करने उतरी विंडीज को सधी हुई शुरूआत मिली। कप्तान हेले 15 तो क्विना 12 रन ही बनाा पाई। मध्यक्रम में डॉटिन क्रीज पर टिकी रही। उन्होंने 22 गेंदों पर तीन छक्कों की मदद से 33 रन बनाए और टीम को सहारा दिया। 17वें ओवर में उनका विकेट गिरते ही विंडीज की हालत गड़बड़ हो गई। इस दौरान फ्लेचर (17) और जेडा जेम्स (14) ने 21 रनों की पार्टनरशिप की लेकिन जेम्स की विकेट गिरते ही विंडीज जीत से दूर हो गई। प्लेयर आफ द मैच ईडन कार्सन ने कहा कि जैसा कि आप देख सकते हैं, मैं वास्तव में भावुक हूं लेकिन मुझे लड़कियों पर गर्व है।

जब डिएंड्रा डॉटिन हमें उत्साहित कर रही थी... तो लड़कियों ने विश्वास कर लिया और उसे रोक लिया और हम लाइन पर आ गए। हमें वास्तव में एक और कम स्कोर का बचाव करना था, जो कि निम्न स्तर का था। आज हमने वेस्ट इंडीज के खिलाफ शुरुआती विकेट लेने थे, वे एक खतरनाक टीम हैं। हमने देखा कि वेस्टइंडीज ने किस तरह से गेंदबाजी की, उन्होंने थोड़ी अधिक बैक-ऑफ-द-लेंथ गेंदबाजी की और यह काम कर गई, हमने थोड़ी पूरी गेंदबाजी की, यह ठीक है।

इंडिया-न्यूजीलैंड टेस्ट



## सरफराज ने लगाया शतक

# भारत ने न्यूजीलैंड को दिया 107 रनों का लक्ष्य

**बैंगलुरू, एजेंसी।** न्यूजीलैंड के खिलाफ पहले टेस्ट की दूसरी पारी में सरफराज खान ने शानदार शतक बनाया. सरफराज खान ने 195 गेंदों पर 150 रन बनाए. उन्होंने अपनी पारी में 18 चौके और 3 छक्के जड़े. वहीं, सरफराज खान की शतकीय पारी ने शुभमन गिल की मुश्किलों में इजाफा कर दिया है. इससे पहले सरफराज खान को शुभमन गिल और केएल राहुल की वजह से प्लेइंग इलेवन में कम मौके, लेकिन अब क्या शुभमन गिल का पत्ता कटेगा?

हालांकि, शुभमन गिल का प्रदर्शन नंबर-3 पर अच्छा रहा है, लेकिन सरफराज खान के शतक के बाद बैटिंग ऑर्डर में बदलाव संभव है. न्यूजीलैंड के खिलाफ पहले टेस्ट में शुभमन गिल चोटिल हो गए. जिसके बाद भारतीय प्लेइंग इलेवन में सरफराज खान को शामिल किया गया. हालांकि, सरफराज खान ने नंबर-4 पर बल्लेबाजी की. शुभमन गिल नंबर-3 पर बल्लेबाजी करते हैं. शुभमन गिल की गैरमौजूदगी में विराट कोहली नंबर-3 पर खेले. सरफराज खान पहली पारी में अपना खाता नहीं खोल सके, लेकिन दूसरी पारी में बेहतरीन शतक बना दिया. अब सरफराज खान के शतकीय पारी के बाद सवाल उठने लगे हैं कि क्या दूसरे टेस्ट के लिए प्लेइंग इलेवन में शुभमन गिल को जगह मौका नहीं मिलेगा? न्यूजीलैंड के खिलाफ सीरीज के बाद भारतीय टीम ऑस्ट्रेलिया के दौरे पर जाएगी. इस दौरे पर भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच 5 टेस्ट मैचों की सीरीज खेली जाएगी. वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप प्वॉइंट्स टेबल के मद्देनजर बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी बेहद अहम है. अब यह देखना मजेदार होगा कि इस टेस्ट सीरीज में भारतीय प्लेइंग इलेवन में नंबर-3 पर किसे आजमाया जाता है? क्या भारतीय प्लेइंग इलेवन में चेतेश्वर पुजारा की वापसी होगी या फिर शुभमन गिल नंबर-3 पर खेलेंगे? भारतीय बल्लेबाजी क्रम में कितना बदलाव होगा यह तो वक्त बताएगा, लेकिन सरफराज खान ने शतक बनाकर शुभमन गिल की परेशानी बढ़ा दी है.

### 99 रन बनाकर आउट हुए ऋषभ पंत, सिर्फ एक रन ने धोनी का रिकॉर्ड टूटने से बचाया

**बेंगलुरु, एजेंसी।** बेंगलुरु में खेले जा रहे भारत-न्यूजीलैंड टेस्ट मैच में ऋषभ पंत 99 रन बनाकर आउट हो गए हैं. न्यूजीलैंड के खिलाफ मैच में पंत ने 105 गेंद में 99 रन बनाए, जिन्हें तेज गेंदबाज विलियम ने क्लीन बोल्ड किया. वो अब भारतीय क्रिकेट इतिहास के ऐसे केवल दूसरे विकेटकीपर बल्लेबाज बन गए हैं, जो महज एक रन के अंतर से शतक से चूक गए. उनसे पहले साल 2012 में एमएस धोनी 99 के स्कोर पर आउट हुए हैं. ऋषभ पंत दूसरी पारी में तब बैटिंग करने आए जब विराट कोहली 70 रन बनाकर आउट हो गए थे. जब पंत क्रीज पर आए तो भारत ने 3 विकेट के नुकसान पर 231 रन बना लिए थे. उसके बाद ऋषभ पंत और सरफराज खान ने ताबाडतोड अंदाज में बैटिंग शुरू की. दोनों के बीच 177 रनों की महत्वपूर्ण साझेदारी हुई. सरफराज ने 150 रन बनाए, वहीं पंत की पारी 99 के स्कोर पर समाप्त हुई. वो अगर शतक पूरा कर लेते तो टेस्ट क्रिकेट में धोनी को पीछे छोड़कर सबसे ज्यादा शतक लगाने वाले भारतीय विकेटकीपर बल्लेबाज बन जाते. दोनों ने अब तक टेस्ट मैचों में 6-6 शतक लगाए हैं.



एमएस धोनी ऐसे पहले भारतीय विकेटकीपर बल्लेबाज बने थे, जो 99 रन बनाकर आउट हो गए थे. दिसंबर 2012 में नागपुर में भारत-इंग्लैंड टेस्ट मैच खेला जा रहा था, जिसकी पहली पारी में धोनी 99 रन के स्कोर पर रन आउट हो गए थे.



## महेंद्र सिंह धोनी टी10 क्रिकेट खेलेंगे

**नई दिल्ली, एजेंसी।** टी टेन ग्लोबल स्पोर्ट्स के संस्थापक और चेयरमैन शाजी उल मुल्क का मानना है कि भारत के आइकन एमएस धोनी को टी10 फॉर्मेट में खेलते हुए देखना संभव है।

इस बीच चेन्नई सुपर किंग्स के साथ कैश-रिच इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में एमएस धोनी की भागीदारी पर अनिश्चितता बनी हुई है। धोनी की उम्र, घुटने की चोट और ग्रुप स्टेज में सीएसके के बाहर होने के बाद उनके रिटायरमेंट की संभावित योजनाओं के बारे में चुप्पी के कारण उनकी भागीदारी पर चिंता बनी हुई है। धोनी के अभी भी शीर्ष टी20 लीग में प्रतिस्पर्धा करने की इच्छा के बारे में कोई अफवाह नहीं है। शीर्ष पूर्व और वर्तमान सितारों ने टी10 फॉर्मेट में अपनी क्लास दिखाई है, जिसमें ऑस्ट्रेलिया के पूर्व स्टार डेविड वार्नर भी शामिल हैं।

रॉबिन उथप्पा, सुरेश रैना, इरफान पठान और कई अन्य जैसे पूर्व भारतीय सितारों के साथ विभिन्न टी10 लीग में भाग लेने से धोनी को इस फॉर्मेट में खेलते हुए देखना संभव है। शाजी ने कहा, बिल्कुल, मुझे लगता है कि शीर्ष स्तर के अंतरराष्टीय क्रिकेटरों के अलावा, मौजूदा भारतीय अंतरराष्टीय खिलाड़ियों को इंडियन प्रीमियर लीग के बाहर खेलने की अनुमति नहीं है।

हाल ही में रिटायर हुए खिलाड़ी, भारत के लगभग सभी बड़े नाम, टी10 खेलने आए हैं। इसलिए हां, हम उम्मीद कर सकते हैं कि एमएस धोनी जब मन बना लेंगे, तो टी10 खेलेंगे।

डेनमार्क ओपनः

## पीवी सिंधू का सफर क्वार्टर फाइनल में थमा, डेनमार्क ओपन में भारतीय चुनौती समाप्त हुई



**ओडेन्से, एजेंसी।** पांचवीं वरीयता प्राप्त टुनजंग का सामना सेमीफाइनल में शीर्ष वरीय दक्षिण कोरिया की एन से यंग से होगा। टुनजंग ने पहले गेम में लगातार आठ अंक जुटाने के बाद इसे आसानी से अपने नाम कर लिया। भारतीय स्टार बैडमिंटन खिलाड़ी पीवी सिंधू का सफर शुक्रवार को क्वार्टर फाइनल में समाप्त हो गया। सिंधू महिला एकल वर्ग में पेरिस ओलंपिक की कांस्य पदक विजेता ग्रेगोरिया टुनजंग से हार गईं जिससे डेनमार्क ओपन बैडमिंटन टूर्नामेंट में भारतीय अभियान भी समाप्त हो गया। 29 वर्षीय सिंधू करीब एक घंटे तक चले मुकाबले में 13-21, 21-16, 9-21 से पराजित हो गईं। इंडोनेशिया की आठवें नंबर की खिलाड़ी टुनजंग ने पूरी तरह मैच में दबदबा बनाया, हालांकि सिंधू फिर भी दूसरा गेम जीतने में सफल रहीं।

अब पांचवीं वरीयता प्राप्त टुनजंग का सामना सेमीफाइनल में शीर्ष वरीय दक्षिण कोरिया की एन से यंग से होगा। टुनजंग ने पहले गेम में लगातार आठ अंक जुटाने के बाद इसे आसानी से अपने नाम कर लिया। लेकिन प्री क्वार्टर फाइनल में चौथी वरीय चीन की हान युए को हराकर उलटफेर करने वाली सिंधू दूसरे गेम में बिलकुल बदली हुई नजर आईं और 6-1 से आगे हो गईं। उनकी प्रतिद्वंद्वी ने इसे 6-6 से बराबर कर लिया लेकिन भारतीय खिलाड़ी ने वापसी करते हुए 9-7 से बढ़त हासिल कर ली।

सिंधू ने फिर इसे 11-10 कर दिया। वह आसानी से 19-15 से आगे चल रही थीं और जल्द ही 21-16 से जीत कर स्कोर 1-1 कर दिया। हालांकि, निर्णायक गेम में वह लय जारी नहीं रख सकीं और टुनजंग ने वापसी करते हुए मैच जीत लिया। दो बार की ओलंपिक पदक विजेता सिंधू पेरिस खेलों से खाली हाथ लौटीं थीं जिसके बाद से यह सत्र उनके लिए निराशाजनक ही रहा है।

## इंटरनेशनल मास्टर्स लीग की पावरहाउस गवर्निंग काउंसिल का गठन, गावस्कर, रिचर्ड्स और शॉन पोलक शामिल

**मुंबई, एजेंसी।** इंटरनेशनल मास्टर्स लीग (आईएमएल) ने अपनी गवर्निंग काउंसिल के गठन की घोषणा की है, जिसमें तीन महान क्रिकेट खिलाड़ी और मास्टर्स शामिल होंगे ङ्क लीग कमिश्नर सुनील गावस्कर, सर विवियन रिचर्ड्स और शॉन पोलक।

यह त्रिमूर्ति आईएमएल की रणनीतिक दिशा, नियमों और संचालन की देखरेख करेगी, ताकि यह सुनिश्चित हो सके कि लीग खेल प्रेमियों के लिए एक प्रमुख मंच बनी रहे, जहां खेल की विरासत और मनोरंजन का संगम हो, और दुनिया भर के प्रशंसकों को दिग्गजों के खेल का अद्वितीय रोमांच मिल सके। इंटरनेशनल मास्टर्स लीग का उद्घाटन संस्करण 17 नवंबर से 8 दिसंबर 2024 तक आयोजित हो रहा है। नवी मुंबई के डी. वाई. पाटिल स्टेडियम में उद्घाटन मैच खेला जाएगा।



इसके अलावा लखनऊ और रायपुर में भी मैच आयोजित होंगे। समापन मैच की मेजबानी रायपुर करेगा। टेस्ट क्रिकेट में 10,000 रन बनाने वाले पहले बल्लेबाज और क्रिकेट के महानतम खिलाड़ियों में से एक सुनील गावस्कर अपनी उत्कृष्ट क्रिकेट समझ और खेल की शुचिता के प्रति अपनी प्रतिबद्धता के लिए जाने जाते हैं।

उन्होंने कहा, गवर्निंग काउंसिल के सदस्य के रूप में हमारा ध्यान यह सुनिश्चित करने पर होगा कि इंटरनेशनल मास्टर्स लीग क्रिकेट की भावना के प्रति सच्ची रहे, जबकि दुनिया भर के प्रशंसकों को मनोरंजन प्रदान करे। आईएमएल न केवल खेल के दिग्गजों को सम्मान देने का मंच है, बल्कि उन प्रशंसकों के लिए भी एक उत्सव है, जो आज भी अपने नायकों का सम्मान करते हैं।

सर विवियन रिचर्ड्स, जो क्रिकेट इतिहास के सबसे विस्फोटक बल्लेबाजों में से एक माने जाते हैं, 1970 और 1980 के दशक में वेस्टइंडीज टीम का महत्वपूर्ण हिस्सा थे, जिसने उस समय क्रिकेट जगत पर अपना दबदबा कायम रखा। सीमित ओवरों के खेल में अपने समय से आगे माने जाने वाले सर विवियन रिचर्ड्स की कप्तानी में वेस्टइंडीज ने एक भी टेस्ट सीरीज नहीं हारी।

## ऑस्ट्रेलिया जा रही भारत ए की टीम में ईशान किशन की हुई वापसी, गायकवाड़ कर सकते हैं कप्तानी

**नई दिल्ली, एजेंसी।** ऋतुराज गायकवाड़ के अलावा 15 सदस्यीय टीम में अन्य ओपनिंग बल्लेबाज़ों में अभिमन्यु ईश्वरन और साई सुदर्शन को भी शामिल किया गया है। इसका सबसे बड़ा कारण यह है कि ऑस्ट्रेलिया दौरे के लिए भारतीय टेस्ट टीम में एक रिज़र्व ओपनर की आवश्यकता हो सकती है, क्योंकि रोहित शर्मा निजी कारणों से बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफ़ी के पहले दो मैचों में से एक को मिस कर सकते हैं। ऑस्ट्रेलिया ए के खि़लाफ़ भारतीय ए टीम का यह दौरा कुछ खिलाड़ियों को बैकअप के रूप में भारत की टेस्ट टीम में शामिल होने का अच्छा मौक़ा दे सकता है।



देवदत्त पडिक्कल, बी इंद्रजीत और रिकी भुई इंडिया ए टीम के मिडिल ऑर्डर बल्लेबाज़ होंगे। वहीं अभिषेक पोरेल और ईशान किशन टीम में विकेटकीपर के तौर पर शामिल किए गए हैं। नितीश कुमार रेड्डी, तनुष कोटियन और मानव सुथार टीम के ऑलराउंडर होंगे। वहीं मुकेश कुमार, नवदीप सैनी, ख़लील अहमद और यश दयाल को टीम के तेज़ गेंदबाज़ी आक्रमण में शामिल किया गया है। 29 वर्षीय ईश्वरन पहले भी 2022 में बांग्लादेश दौरे पर भारत की टेस्ट टीम का हिस्सा रह चुके हैं। साथ ही इस घरेलू सीज़न में शानदार फ़ॉर्म में हैं। उन्होंने दलीप ट्रॉफ़ी में दो शतक और ईरानी ट्रॉफ़ी में एक शतक बनाया था।

चैम्पियन ट्राफीः

## पीसीबी का नया आफर, टीम इंडिया अपना मैच खेले फिर वापस लौट जाए

**कराची, एजेंसी।** पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) ने भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) से संपर्क किया है और एक ऐसी व्यवस्था का प्रस्ताव रखा है जिसके अंतर्गत अगर भारत सुरक्षा कारणों से अगले साल चैंपियंस ट्रॉफी के दौरान पाकिस्तान में नहीं रुकना चाहता है तो वह मैचों के बीच में नई दिल्ली या चंडीगढ़ में से कहीं लौट सकता है। पीसीबी ने बीसीसीआई को मौखिक सुझाव दिया है कि भारतीय टीम नई दिल्ली या चंडीगढ़ या मोहाली में शिविर लगा सकती है और अपने मैचों के लिए विशेष उड़ान का इस्तेमाल करके लाहौर जा सकती है।




पीसीबी के एक सूत्र ने हालांकि शुक्रवार को पुष्टि की कि बोर्ड ने लिखित में कोई सुझाव नहीं दिया है। सूत्र ने कहा कि लेकिन हां यह सच है कि इन विकल्पों पर अधिकारियों के बीच मौखिक रूप से चर्चा हुई है ताकि भारत का अपने मैच पाकिस्तान में खेलना सुनिश्चित हो सके।

# सूर्यकुमार यादव ने आईपीएल के 14 सीजन में की है इतनी कमाई

### पहले सीजन में मिले थे 10 लाख रुपये

**नईदिल्ली, एजेंसी।** सूर्यकुमार यादव टी20 प्रारूप के बेहतरीन खिलाड़ी हैं और ये बात उन्होंने साबित भी की है। सूर्या इस वक्त भातरीय टी20 टीम के कप्तान भी हैं और उनकी कप्तानी में टीम इंडिया का प्रदर्शन भी इस प्रारूप में लाजवाब रहा है। सूर्यकुमार आईपीएल में इस वक्त मुंबई इंडियंस के लिए खेल रहे हैं और इस बात की उम्मीद है कि आईपीएल 2025 के लिए भी उन्हें ये फ्रेंचाइजी रिटेन कर सकती है। सूर्यकुमार यादव 14 साल से इस लीग में खेल रहे हैं और इसमें उन्होंने सबसे ज्यादा समय तक मुंबई के लिए खेला है। वहीं सूर्या ने पिछले 14 साल में इस लीग से कितनी कमाई की है इसकी जानकारी हम आपको देते हैं।

### सूर्यकुमार ने आईपीएल में कमाए हैं लगभग 40 करोड़ रुपये

सूर्यकुमार यादव ने साल 2011 में आईपीएल खेलना शुरू किया था और इस सीजन में उन्हें मुंबई इंडियंस ने ही पहली बार खरीदा था। इस सीजन में मुंबई की टीम ने सूर्या को खरीदने के लिए 10 लाख रुपये खर्च किए थे और इसके बाद वो साल 2013 तक मुंबई टीम का हिस्सा बने रहे। साल 2014 में सूर्यकुमार यादव को केकेआर ने खरीद लिया और उन्हें इस सीजन के लिए 70 लाख रुपये मिले थे। सूर्यकुमार इस टीम के साथ 2017 तक बने रहे और चार सीजन में केकेआर की तरफ से उन्हें 70 लाख रुपये मिले। साल 2018 में एक बार फिर से सूर्यकुमार यादव को मुंबई फ्रेंचाइजी ने खरीदा और इस बार उन्हें 3.2 करोड़ रुपये मिले। साल 2018 से लेकर 2021 तक मुंबई के लिए खेलने के लिए उन्हें 3.2 करोड़ रुपये हर सीजन में मिले। फिर 2022 की मेगा नीलामी में सूर्यकुमार की कीमत बढ़कर 8 करोड़ रुपये हो गई, लेकिन मुंबई ने उन्हें अपने साथ बनाए रखा। 2022 से लेकर 2024 तक यानी आईपीएल 2025 की मेगा नीलामी से पहले तक वो इसी टीम का हिस्सा रहे। सूर्या ने आईपीएल के 14 सीजन में से सिर्फ 4 सीजन केकेआर के लिए खेला जबकि 10 सीजन में वो मुंबई का हिस्सा रहे।



# प्रधानमंत्री आज बनारस से वर्चुअली करेंगे रीवा एयरपोर्ट का लोकार्पण

**रीवा।** आवागमन के साधनों में हवाई सेवा का महत्व तेजी से बढ़ रहा है। रीवा में अब तक चोरहटा में हवाई पट्टी है जिसमें हेलीकाप्टर तथा छोटे विमान ही उतर सकते हैं। इसके विस्तार और रीवा एयरपोर्ट निर्माण की प्रक्रिया पूरी हो गयी है। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी 20 अक्टूबर को बनारस से शाम 4 बजे वर्चुअली रीवा एयरपोर्ट का लोकार्पण करेंगे। इसके लिए रीवा में एयरपोर्ट परिसर में भव्य समारोह आयोजित किया गया है। समारोह में प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव, केन्द्रीय दूरसंचार एवं पूर्वोत्तर विकास मंत्री श्री ज्योतिरादित्य सिंधिया, उप मुख्यमंत्री श्री राजेन्द्र शुक्ल, पंचायत एवं ग्रामीण विकास तथा श्रम मंत्री एवं रीवा जिले के प्रभारी मंत्री श्री प्रहलाद पटेल तथा सांसद श्री जनार्दन मिश्र शामिल होंगे।



रीवा एयरपोर्ट के निर्माण से रीवा ही नहीं पूरे विन्ध्य के विकास को नया आयाम मिलेगा।

रीवा की चोरहटा हवाई पट्टी का विस्तार करके रीवा एयरपोर्ट का निर्माण किया गया है। रीवा एयरपोर्ट का शिलान्यास 15 फरवरी 2023 को किया गया था। इसके निर्माण के लिए 500 करोड़ रुपए स्वीकृत किए गए। भारतीय विमान पत्तन प्राधिकरण द्वारा लगभग डेढ़ साल के रिकार्ड समय में रीवा एयरपोर्ट का निर्माण का कार्य पूरा कर दिया गया है। एयरपोर्ट में रनवे का विस्तार करके इसे 2300 मीटर का बनाया गया है। साथ ही दोनों ओर 30-30 मीटर की बैकप लेंथ भी है। एयरपोर्ट में हवाई टर्मिनल बिल्डिंग, एयर ट्रैफिक कंट्रोल टावर तथा सुरक्षा के लिए बाउंड्रीबाल का निर्माण पूरा हो गया है। एयरपोर्ट में लोकार्पण के बाद 72 सीटर हवाई जहाजों का आवागमन शुरू हो जायेगा। हवाई सेवा शुरू हो जाने से रीवा ही नहीं पूरे विन्ध्य के उद्योग, पर्यटन, शिक्षा, उपचार सुविधा तथा अन्य क्षेत्रों में विकास के नये अवसर मिलेंगे।

## मुख्यमंत्री आज आएंगे रीवा, एयरपोर्ट के लोकार्पण समारोह में होंगे शामिल

**रीवा।** मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव 20 अक्टूबर को एक दिवसीय प्रवास पर रीवा आएंगे। मुख्यमंत्री दोपहर एक बजे वायुयान से भोपाल से प्रस्थान कर दोपहर 1.50 बजे एयरपोर्ट रीवा पहुंचेंगे। मुख्यमंत्री दोपहर 2 बजे से एयरपोर्ट परिसर में आयोजित बैठक में रीवा संभाग के उद्योगपतियों से संवाद करेंगे। बैठक में 23 अक्टूबर को रीवा में आयोजित हो रहे रीजनल इंडस्ट्री कॉन्क्लेव के संबंध में चर्चा की जाएगी। बैठक के बाद मुख्यमंत्री दोपहर 3 बजे रीवा एयरपोर्ट लोकार्पण समारोह के मुख्य मंच में पहुंचेंगे। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी बनारस से वर्चुअल माध्यम से रीवा एयरपोर्ट का लोकार्पण करेंगे। मुख्यमंत्री लोकार्पण समारोह में शामिल होने के बाद शाम 5.15 बजे रीवा एयरपोर्ट से वायुयान द्वारा इंदौर के लिए प्रस्थान करेंगे।

# मुख्यमंत्री औद्योगिक निवेश के लिए आज विन्ध्य के उद्योगपतियों से करेंगे संवाद

### मुख्यमंत्री एयरपोर्ट में रीवा संभाग के उद्योगपतियों से करेंगे संवाद

**रीवा।** मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव रीवा एयरपोर्ट के लोकार्पण समारोह में शामिल होने के लिए 20 अक्टूबर को दोपहर 1.30 बजे रीवा पहुंचेंगे। एक दिवसीय प्रवास में मुख्यमंत्री विभिन्न कार्यक्रमों में शामिल होंगे। एयरपोर्ट परिसर में आयोजित लोकार्पण समारोह से पहले मुख्यमंत्री रीवा संभाग के उद्योगपतियों से विन्ध्य में औद्योगिक निवेश के संबंध में संवाद करेंगे। एयरपोर्ट परिसर में विशेष रूप से बनाए गए हाल में मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव का आगमन दोपहर 2 बजे होगा। कार्यक्रम में केन्द्रीय दूरसंचार एवं पूर्वोत्तर विकास मंत्री श्री ज्योतिरादित्य सिंधिया, उप मुख्यमंत्री श्री राजेन्द्र शुक्ल, पंचायत एवं ग्रामीण विकास तथा श्रम मंत्री एवं रीवा जिले के प्रभारी मंत्री श्री प्रहलाद पटेल तथा सांसद श्री जनार्दन मिश्र भी शामिल होंगे। कार्यक्रम में दोपहर 2.05 बजे अतिथियों का स्वागत वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी तथा उद्योपति करेंगे। इसके बाद मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव क्रमशः सतना, सिंगरौली, मैहर, सीधी और रीवा जिले के उद्योगपतियों से चर्चा करेंगे। कार्यक्रम में इसके बाद मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव उद्योगपतियों को संबोधित करेंगे। कार्यक्रम का समापन दोपहर 2.45 बजे होगा। कार्यक्रम स्थल में रीवा जिले के लगभग 70 उद्योगपति तथा उद्यमी शामिल होंगे। अन्य जिलों के उद्योगपति वीडियो कान्फ्रेंसिंग के माध्यम से कार्यक्रम में शामिल होंगे।

## धान, ज्वार और बाजरा उपार्जन के लिए 6 जिलों में किसान पंजीयन 21 अक्टूबर तक

**रीवा।** खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण मंत्री श्री गोविंद सिंह राजपूत ने बताया है कि किसानों की मांग पर 6 जिलों में समर्थन मूल्य पर धान, ज्वार और बाजरा के उपार्जन के लिए किसान पंजीयन की अवधि 21 अक्टूबर तक बढ़ा दी गई है। किसान पंजीयन की अवधि नर्मदापुरम, रीवा, सतना, सिंगरौली, दमोह और बैतूल जिले के लिए बढ़ाई गई है। गौरतलब है कि पूरे प्रदेश में 7 लाख 66 हजार से अधिक किसान पंजीयन कर चुके हैं। मोटे अनाज का उपार्जन 22 नवंबर और धान का उपार्जन 2 दिसंबर से किया जाएगा।

# उप मुख्यमंत्री ने एयरपोर्ट समारोह स्थल का किया निरीक्षण

**रीवा।** प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी 20 अक्टूबर को बनारस से शाम 4 बजे वर्चुअली माध्यम से रीवा एयरपोर्ट का लोकार्पण करेंगे। इसके लिए रीवा में एयरपोर्ट परिसर में भव्य समारोह आयोजित किया गया है। उप मुख्यमंत्री श्री राजेन्द्र शुक्ल ने एयरपोर्ट परिसर स्थित समारोह स्थल का निरीक्षण किया तथा अधिकारियों को कार्यक्रम के आयोजन के संबंध में निर्देश दिए। इस अवसर पर सांसद श्री जनार्दन मिश्रा, विधायक मनगवां इंजी. नरेन्द्र प्रजापति, अध्यक्ष जिला



पंचायत श्रीमती नीता कोल रीवा संभाग के कमिश्नर बीएस जामोद, आईजी एमएस सिकरवार, कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल, पुलिस अधीक्षक विवेक सिंह, आयुक्त नगर निगम डॉ सौरभ सोनवणे एयरपोर्ट एथारिटी के अधिकारी रामजी अवस्थी सहित अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

# भाजपा का सक्रिय सदस्य बनना गर्व की बात : गौतम

**रीवा।** भारतीय जनता पार्टी मऊगंज जिले कि सक्रिय सदस्यता अभियान की शुरुआत पार्टी के वरिष्ठ नेता पूर्व विधानसभा अध्यक्ष गिरीश गौतम को पार्टी का सक्रिय सदस्यता ग्रहण करने के साथ प्रारंभ हुई इस अवसर पर मऊगंज भाजपा जिला अध्यक्ष डॉ राजेंद्र मिश्रा ने कई वरिष्ठ नेताओं को पार्टी की सक्रिय सदस्यता का फॉर्म भर कर सदस्यता प्रदान की इस अवसर पर पार्टी के वरिष्ठ नेता विधायक गिरीश गौतम ने कार्यकर्ताओं से कहा कि भाजपा का सक्रिय सदस्य होना गर्व की बात है आज पूरे विश्व में भारतीय



जनता पार्टी सबसे बड़े राजनीतिक दल है ऐसे दल का सक्रिय सदस्य होना हम सबके लिए गर्व और सम्मान की बात है मऊगंज जिले के हर गांव में कई सक्रिय सदस्य बने इसका हमें प्रयास करना चाहिए निष्ठावान कार्यकर्ता जिन्होंने सदस्यता अभियान में बढ़-चढ़कर भाग लिया है और पार्टी ने जो तय किया था उसको पूरा कर रहे हैं तो ऐसे लोगों को सक्रिय सदस्य बनाया जाए मऊगंज जिला में सदस्यता अभियान की तरह सक्रिय सदस्यता का भी इतिहास बने और ज्यादा से ज्यादा पार्टी के लोग सक्रिय सदस्य बनकर पार्टी के सर्वस्पर्शी सर्वे व्यापी स्वरूप के ध्वज वाहक बनाकर जन-जन के विकास और कल्याण के लिए काम करें इस अवसर पर भाजपा जिला अध्यक्ष डॉक्टर राजेंद्र मिश्रा ने अपने विचार रखते हुए कहा कि मऊगंज के कर्मठोर ऊर्जावान कार्यकर्ताओं ने साधारण सदस्यता का ऐतिहासिक काम किया है ऐसे सभी कार्यकर्ता जिन्होंने सक्रिय सदस्यता की गाइडलाइन को पूरा किया है और साधारण सदस्य बनने में पसीना बहाया है उन सबको सक्रिय सदस्य बनाया जाएगा मंडलवारसक्रिय सदस्य टोली कार्यकर्ताओं को घर जाकर उन्हें सक्रिय सदस्य बनाएगी इस अवसर पर बड़ी संख्या में पार्टी पदाधिकारी और कार्यकर्ता उपस्थित रहे मऊगंज जिले में आज से सक्रिय सदस्यता अभियान का शुभारंभ हो गया है।

# नशीली सिरप के तस्करों को 10-10 साल का सश्रम कारावास, न्यायालय ने सुनाई सजा

**रीवा।** नशीली सिरप के अवैध परिवहन के आरोपियों को न्यायालय ने सश्रम कारावास व अर्थदण्ड की सजा से दंडित किया है। अर्थदण्ड जमा न करने पर उनको अतिरिक्त कारावास की सजा भुगतनी पड़ेगी।

सिटी कोतवाली पुलिस ने 27 अगस्त 2015 को बड़ी पुल के समीप मुखबिर की सूचना पर बाइक से नशीली सिरप लेकर आए दो आरोपियों को पकड़ा था जिनके पास से 62 शीशी सिरप बरामद हुई थी। आरोपियों में मनोज उर्फ विनोद गुप्ता पिता छोटेलाल गुप्ता 26 साल निवासी आजाद नगर घोघर व अरुण प्रताप सिंह उर्फ संजय पिता राघ्वेन्द्र सिंह 26 साल निवासी अहिरगांव थाना अमरपाटन शामिल थे। आरोपियों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर पुलिस ने जांच की और चालान सुनवाई के लिए न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया। अतिरिक्त विशेष न्यायाधीश एनडीपीएस एक्ट केशव सिंह के न्यायालय में प्रकरण की सुनवाई हुई।

अभियोजन की ओर से पैरवी अतिरिक्त लोक अभियोजक नीलग्रीव पाण्डेय ने की। न्यायालय ने दोनों पक्षों की दलीलों को सुना और आरोपियों को एनडीपीएस एक्ट का दोषी मानते हुए उनको 10-10 वर्ष के सश्रम कारावास व एक-एक लाख रुपए के अर्थदण्ड से दंडित किया है।

## ननि द्वारा हटाया गया अतिक्रमण

**रीवा।** निगम आयुक्त डॉ0 सौरभ सोनवणे के निर्देश पर शहर में अतिक्रमण हटाने की कार्यवाही अधिकारियों एवं कर्मचारियों द्वारा लगातार जारी है। दिनांक 19.10.2024 को पुराने बस स्टैण्ड के सामने पोस्ट आफिस के बगल में गुमटी बनाकर अतिक्रमण किया गया था जिसे हटाये जाने की कार्रवाई अतिक्रमण प्रभारी द्वारा की गई। साथ ही अमहिया रोड़ मुन्नू डेयरी के पास बालू का ढेर लगाया गया था जिस पर कार्यवाही करते हुये अतिक्रमणकर्ता के ऊपर रू. 1000 की चालानी कार्यवाही की गई। साथ ही समझाईस दी गई कि दुबारा पाये जाने पर चलानी के साथ जप्ती की कार्यवाही की जावेगी। सिरमौर चौराहा से अस्पताल चौराहा तक एवं शहर के अन्य प्रमुख मार्गो से अस्थाई अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की गई। उक्त कर्रवाई में अतिक्रमण प्रभारी के साथ अतिक्रमण दल मौजूद रहा।

# मुआवजा राशि के लिए एक हजार रुपये रिश्वत लेते लोकायुक्त टीम ने लिपिक को दबोचा

**रीवा।** मुआवजा राशि जारी करने की एवज में रिश्वत की मन कर रहे भू अर्जन विभाग की सहायक ग्रेड 3 को 1000 रुपये की रिश्वत लेते हुए लोकायुक्त टीम ने रंगे हाथ ट्रैप किया है। टीम ने कार्रवाई पूरी हो जाने के बाद उक्त सहायक ग्रेड 3 के कर्मचारी को जमानत पर रिहा कर दिया है। लोकायुक्त टीम ने संबंधित व्यक्ति के विरुद्ध भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के तहत मामला पंजीकृत कर मामले को विवेचना में ले लिया है। कार्यालय से मिली जानकारी के अनुसार शिकायतकर्ता सुनील पाण्डेय पिता स्वर्गीय श्यामसुंदर पाण्डेय निवासी ग्राम व पोस्ट जोरौट थाना व तहसील मनगवां जिला रीवा शिकायत दर्ज कराई थी। शिकायत में बताया था कि भू अर्जन शाखा में पदस्थ सहायक ग्रेड 3 हीरामणि तिवारी मुआवजा देने की आवाज में रुपये की मांग कर रहा है। शिकायत की जांच करने पर शिकायत प्रमाणित पाई गई। जिसे लेकर टीम का गठन कर कार्रवाई करने के लिए निर्देश दिया गया। मंगलवार को दोपहर रीवा कलेक्ट्रेट के भू अर्जन शाखा में हीरालाल तिवारी को 1000 की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथ पकड़ा गया है। आरोपी हीरामणि तिवारी द्वारा शिकायतकर्ता से उसके वारिसाना भूमि के मुआवजा अवार्ड राशि 2,62,997 रुपये का भुगतान करने के एवज में 1000 रुपये की रिश्वत मांगी थी।

# थाना समान पुलिस ने लूट के फरार आरोपी को किया गिरफ्तार

**रीवा।** पुलिस अधीक्षक श्री विवेक सिंह, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अनिल सोनकर के निर्देशन में एवं नगर पुलिस अधीक्षक रीवा रितु उपाध्याय के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी समान निरी. विकास कपीस एवं उनकी टीम ने लूट के फरार आरोपी को किया गिरफ्तार। घटना के बारे में बताया गया कि दिनांक 07.10.24 को फरियादिया ममता तिवारी पत्नी गणेश प्रसाद त्रिपाठी उम्र 50 वर्ष निवासी के.के. पाण्डेय नर्सिंग होम के पीछे आदर्श नगर बरा थाना समान जिला रीवा की रिपोर्ट पर थाना समान मे अपराध क्रमांक 404/24 धारा 309 (4) बी.एन.एस.पंजीबद्ध किया गया था, मामले आरोपी सहबाज खान उर्फ लूला पिता अरमान खान निवासी जगन्नाथ मंदिर के पास विछिया थाना विछिया जिला रीवा का वक्त घटना से लगातार चल फरार था, जिसे मुखबिर की सूचना पर से थाना प्रभारी समान मय पुलिस टीम के दिनांक 19.10.24 को घेरबन्दी कर पकडा गया है। जिसने पूछताछ के दौरान दिनांक 07.10.24 को शिवम मिष्ठान के सामने से एक महिला का पर्स छुडाकर अपने साथी उस्मान आलम के साथ मोटर सायकल से भाग गये थे ।

## उप मुख्यमंत्री ने आमजनों की सुनी समस्याएं

**रीवा।** उप मुख्यमंत्री श्री राजेन्द्र शुक्ल ने अमहिया निज निवास में आमजनों की समस्याएं सुनीं। जनता दर्शन कार्यक्रम के तहत उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने आमजनों की समस्याएं सुनी तथा तत्कालिक निराकरण के लिए संबंधितों को निर्देशित किया।



## दिल्ली से एयर एम्बुलेंस से सतना हवाई पट्टी लाया जा रहा मैहर की बिटिया का पार्थिव शरीर

**मैहर।** रूस में अध्ययनरत मध्य प्रदेश के मैहर जिले की रहने वाली एमबीबीएस की छात्रा सृष्टि शर्मा पुत्री डॉ. राम कुमार जी शर्मा की कुछ दिनों पूर्व सड़क दुर्घटना में मृत्यु का दुःखद समाचार प्राप्त हुआ था। मध्यप्रदेश सरकार बेटी के पार्थिव शरीर को यथाशीघ्र परिवार तक पहुंचाने के लिए भारत सरकार की सहायता से प्रयासरत थी। आज सृष्टि बिटिया का पार्थिव शरीर दिल्ली पहुंच गया है जहां से म.प्र. शासन की ओर से एयर एम्बुलेंस के माध्यम से सतना हवाई पट्टी लाया जा रहा है।

# कमिश्नर ने रीजनल इंडस्ट्री कान्क्लेव के लिए तैनात किये अधिकारी

रीवा

रीवा में 23 अक्टूबर को कृष्णा राजकपूर आडिटोरियम में रीजनल इंडस्ट्री कान्क्लेव का आयोजन किया जा रहा है। रीवा संभाग के कमिश्नर बी.एस. जामोद ने इस कार्यक्रम की व्यवस्थाओं के लिए संभाग के अन्य जिलों के 8 अधिकारियों को तैनात किया है। इस संबंध में जारी आदेश के अनुसार अपर कलेक्टर सतना स्वप्निल वानखेड़े, अपर कलेक्टर मैहर शैलेन्द्र सिंह, संयुक्त कलेक्टर सिंगरौली संजीव पाण्डेय, एसडीएम रघुराज नगर सतना राहुल सिलाड़िया, एसडीएम गोपदबनास सीधी नीलेश कुमार शर्मा, एसडीएम चितरंगी जिला सिंगरौली सुरेश जाधव, एसडीएम जिला मझौली आरपी त्रिपाठी तथा एसडीएम मझगवां जिला सतना जीतेन्द्र वर्मा को रीवा में तैनात किया गया है। इन सभी अधिकारियों को 22 अक्टूबर से कार्यक्रम के समापन तक कलेक्टर कार्यालय रीवा में सेवाएं देने के निर्देश दिये गये हैं। यह सभी अधिकारी कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल द्वारा सौंपे गये दायित्व का निर्वहन करेंगे। सभी अधिकारियों को 22 अक्टूबर को शाम 4 बजे से पहले रीवा में उपस्थित होने के आदेश दिये गये हैं।

# खेलों से सर्वांगीण व्यक्तित्व का विकास होता है : उप मुख्यमंत्री

### उप मुख्यमंत्री ने राज्य स्तरीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता का किया उद्घाटन

रीवा

उप मुख्यमंत्री श्री राजेन्द्र शुक्ल ने कहा कि खेलों से सर्वांगीण व्यक्तित्व का विकास होता है। खेलों के आयोजन समाज में सौहार्द पूर्ण वातावरण का निर्माण करते हैं। खेल ही ऐसी विधा है जिसमें हारने वाला भी जीतने वाले को बधाई देता है और जीतने वाला हारने वाले को आगे बढ़ने के लिये प्रोत्साहित करता है। उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने राज्य स्तरीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता का शुभारंभ किया।

मार्तण्ड विद्यालय परिसर में आयोजित कार्यक्रम में उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने मशाल प्रज्जवलित कर एवं ध्वज आरोहित कर राज्य स्तरीय प्रतियोगिता का शुभारंभ किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि सफलता का मूलमंत्र कड़ी मेहनत है। समय सीमा निश्चित कर विद्यार्थियों को पढाई करते हुए खेल विधाओं में भी भाग लेना चाहिए। उन्होंने कहा कि खेल से शारीरिक विकास के साथ मानसिक विकास भी होता है। कबड्डी खेल हमारे देश में जमीन से जुड़ा खेल है जो गांव-गांव तक खेला जाता है। उन्होंने गांवों में तथा विद्यालयों में खेल मैदान होने की बात कही ताकि बच्चे व गांववासी वहां खेल विधाओं में भाग ले सकें। उन्होंने युवा पीढ़ी को नशे से दूर रहने की समझाइश दी तथा कहा कि जो व्यक्ति नशे के आदी



हैं उनका नशा छुड़वाने के लिये रीवा में स्थापित नशामुक्ति संकल्प केन्द्र में पहुंचा ताकि उन्हें नशे से दूर किया जा सके। इस अवसर पर सांसद श्री जनार्दन मिश्र ने कहा कि खेलों से हम संस्कारित, सुगठित होते हैं। खेल समाज में बुराई व आपसी मतभेद दूर करने में भी सहायक हैं। उन्होंने कहा कि देश में प्रधानमंत्री जी के नेतृत्व में खेल की विभिन्न विधाओं में खिलाड़ी अपना परचम लहरा रहे हैं और अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर नाम कमा रहे हैं। शासन की प्रतिबद्धता है कि खेलों के माध्यम से ही नैतिक मापदण्डों को ऊंचाईयों तक ले जाया जा सकेगा। उन्होंने रीवा को राज्य स्तरीय प्रतियोगिता की मेजवानी मिलने पर बधाई दी तथा इसके सफल आयोजन के लिये शुभकामनाएँ दी।

इससे पूर्व जिला शिक्षा अधिकारी सुदामा लाल गुप्ता ने स्वागत उद्बोधन देते हुए बताया कि पांच दिवसीय राज्य स्तरीय क्रीड़ा प्रतियोगिता में कबड्डी प्रतियोगिता में बालक एवं बालिका वर्ग के 14 से 19 वर्ष आयु वर्ग के खिलाड़ी भाग लेंगे।

आयोजन में दस संभागों के 468 खिलाड़ी व आफीशियल्स भाग ले रहे हैं। कार्यक्रम में अतिथियों को स्मृति चिन्ह भेंट किये गये। इस दौरान जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती नीता कोल, विधायक मनगवां इंजी. नरेन्द्र प्रजापति, विवेक दुबे, राजेश पाण्डेय, परमजीत सिंह डंग, राजगोपाल मिश्रा चारी, राजेश मिश्रा, वरूणेन्द्र प्रताप सिंह, आकांक्षा सोनी, रामनिवास जाट, देवेश वेद सहित अधिकारी, कर्मचारी, शिक्षक तथा विभिन्न संभागों से आये कोच, आफीशियल्स, रेफरी एवं छात्र-छात्राएँ व खिलाड़ी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन विवेक नामदेव ने किया।

## हवाई सेवाओं का विस्तार
## मध्यप्रदेश विकास की नई उड़ान को तैयार



नरेन्द्र मोदी, प्रधानमंत्री



डॉ. मोहन यादव, मुख्यमंत्री

₹450 करोड़ लागत के

# रीवा एयरपोर्ट

का

# लोकार्पण

प्रधानमंत्री

## नरेन्द्र मोदी

द्वारा (वर्चुअल माध्यम से)

गरिमामयी उपस्थिति

## डॉ. मोहन यादव

मुख्यमंत्री, मध्यप्रदेश

20 अक्टूबर, 2024 | अपराह्न 2:00 बजे




**मध्यप्रदेश में निरंतर बढ़तीं वायु सेवाएं**

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 6 विमानतल | 25 हवाई पट्टियां | हवाई अड्डों का आधुनिकीकरण | पीएमश्री एयर एम्बुलेंस सेवा | पीएमश्री पर्यटन वायु सेवा | पीएमश्री धार्मिक पर्यटन हेली सेवा |

D-11087/24

सीधा प्रसारण https://pmindiawebcast.nic.in @Cmmadhyapradesh @jansampark.madhyapradesh @Cmmadhyapradesh @jansamparkMP JansamparkMP #RewaTakesFlight

मध्यप्रदेश जनसम्पर्क द्वारा जारी

आकल्पन : म.प्र. माध्यम/2024


स्वत्वाधिकारी प्रकाशक एवं मुद्रक राजेन्द्र तिवारी द्वारा एस आर के प्रिंटिंग प्रेस विवि रोड खुटेही रीवा से मुद्रित कर जीडीसी के सामने उत्तरी करौदिया सीधी से प्रकाशित। संपादक-राजेन्द्र तिवारी , आर.एन.आई नं. 47589/88 , डाक पंजीयन : **MP/SDL/DN/-30/2015-17,** दूरभाष : 09424315633,7389444833